रोहतक
बुधवार, 24 अप्रैल 2024
वैशाख मास कृष्ण पक्ष,
प्रतिपदा वर्ष : 28, अंक : 87
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

मौसम
अधि. 37.7
न्यून. 20.2

# हरिभूमि


हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



07 तृणमूल की भ्रष्टाचार की संस्कृति को रोकेगी भाजपा




# सूबे के कई जिलों में बारिश, दिल्ली एनसीआर में दिन में ही छाया अंधेरा

## अचानक बदला मौसम, खेतों और मंडियों में भीगा गेहूं, किसान परेशान

### रोहतक, सोनीपत, जींद झज्जर, कुरुक्षेत्र व हिसार फतेहाबाद में बूंदाबांदी

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

प्रदेश में मंगलवार को अचानक मौसम बदल गया। कई जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश हुई। वहीं, दिल्ली-एनसीआर में भी दोहपर बाद दिन में ही अंधेरा छा गया और कई क्षेत्रों में अच्छी बरसात दर्ज की गई। बारिश के कारण किसानों की परेशानी बढ़ गई। दरअसल इस समय गेहूं की कटाई का समय चल रहा है। खेतों में फसल पकी हुई खड़ी है, वहीं मंडियां भी अनाज से अंटी पड़ी हैं। बरिश से मंडियों में गेहूं भी गया है। इससे नमी आएगी और बिक्र में परेशानी होगी। खेतों में कटाई प्रभावित होगी। बारिश के कारण किसान परेशान हैं। मंगलवार को रोहतक, सोनीपत, जींद, झज्जर, कुरुक्षेत्र, फतेहाबाद और हिसार में बूंदाबांदी हुई और तंज हवार चली। दूसरी तरफ, मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है।

जींद मंडी में बरसात में भीगा पीला सोना



### तापमान में गिरावट गर्मी से मिली लोगों को कुछ राहत

**इन जगहों के लिए अलर्ट**

बल्लभगढ़, चरखी दादरी, भिवानी, मातनहेल, झज्जर, बहादुरगढ़, बेरी खास, सांपला, रोहतक, फरीदाबाद, खरखौदा, सोनीपत, मेहम और गोहना में आंधी का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान हवा की स्पीड से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार हो सकती है। साथ ही गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने का भी खतरा है। ऐसे में किसानों और लोगों को अलर्ट रहने के लिए कहा गया है।

### दो दिन ऐसा ही रहेगा मौसम

- मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश में 25 अप्रैल तक मौसम परिवर्तनशील रहने वाला है। इस दौरान बीच-बीच में हल्के बादल आने की संभावना है। दिन के अधिकतम तापमान में हल्की बढ़ोतरी रहेगी, लेकिन रात के न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट होने के आसार हैं। इस दौरान कई स्थानों पर बारिश होगी और तेज हवा चलेगी।
- मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि 26 अप्रैल के बाद मौसम में बदलाव दिखाई देंगे। इस दौरान सूबे में तपिश बढ़ेगी, दिन का पारा 40 डिग्री के पार रहने की संभावना है। महीने के अंत में लू का प्रकोप भी लोगों को झेलना पड़ सकता है।

### किसान इसलिए परेशान

- बारिश के अलर्ट को लेकर किसानों की चिंताएं बढ़ गई हैं। इसका कारण है मंडियों में गेहूं के धीमे उठान हो रहा है। प्रदेश में करीब 60% गेहूं की फसल मंडियों में पहुंच चुकी है। 21 अप्रैल तक मंडियों में 46.54 लाख टन गेहूं पहुंच चुका है, लेकिन 40 लाख टन ही गेहूं की खरीद हुई है।
- हैरानी इस बात की है कि अभी इस गेहूं की फसल में सिर्फ 2.70 लाख मीट्रिक टन ही फसल का उठान हुआ है। ओवरआल सिर्फ 36% ही फसल का उठान हो पाया है, बाकी गेहूं मंडियों में खुले आसमान के नीचे पड़ा हुआ है।
- किसानों का कहना है कि खरीद एजेंसियां समय पर अनाज की खरीद नहीं कर पा रही, जितनी कुछ खरीद हुई है उसका उठान भी नहीं हो पा रहा। इसलिए गेहूं खुले में पड़ा है।

### दिल्ली-एनसीआर में मौसम सुहावना

दिल्ली-एनसीआर में मंगलवार दोपहर बाद अचानक मौसम बदला और दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम, फरीदाबाद समेत अधिकांश इलाकों में तेज आंधी के बाद बारिश की तेज बौछारें पड़ी। गर्मी झेल रहे लोगों को कुछ राहत मिली और मौसम सुहावना हो गया। शाम 4 से 5 बजे के बीच अंधेरा छा गया। वाहन चालकों को लाइट जलाकर चलना पड़ा। सड़क पर चल रहे लोगों को परेशानी हुई। वे इधर-उधर छिपते नजर आए। बुधवार को भी मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है।

## खबर संक्षेप

### मलेशिया :दो सैन्य चॉपर टकराए, 10 की मौत

**कुआलालंपुर।** मलेशियाई नौसेना ने कहा कि एक प्रशिक्षण सत्र के दौरान दो सैन्य हेलीकॉप्टर आपस में टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए, जिससे उनमें सवार सभी 10 लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना उस समय हुई जब हेलीकॉप्टर नौसेना की 90वीं वर्षगांठ के जश्न की तैयारी के लिए उत्तरी पेराक राज्य में एक नौसैनिक अड्डे पर प्रशिक्षण में हिस्सा ले रहे थे। भाषा

### फ्लाइट में बच्चों को सीट माता-पिता के पास मिलेगी

**नई दिल्ली।** डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने मंगलवार को सभी विमान कंपनियों को नया आदेश जारी किया। इसके तहत डीजीसीए ने कहा कि फ्लाइट में सफर करने वाले 12 साल तक के बच्चों की सीट उनके माता-पिता में से किसी एक के पास ही अलॉट की जाए। इस निर्देश के बाद बच्चे अपने माता-पिता के साथ बैठकर ही सफर कर सकेंगे। एजेंसी

# चरखी दादरी में गेहूं में आग लगने से किसान जिंदा जला

**गांव सांतौर में 16 एकड़ में खड़ी फसल भी राख**

**चरखी दादरी (हरिभूमि न्यूज)।** सांतौर यहां के मंगलवार को गेहूं की फसल में आग लग गई। आग बुझाने का प्रयास कर रहे एक किसान जयप्रकाश की भी इस आग में जलने से मौत हो गई। आग से करीब 16 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल राख हो गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने दो घंटे में आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। बताया जा रहा है कि



आग पर काबू करने के प्रयास में जयप्रकाश आग की लपटों में फंस गया और धुएं में दम घुटने से वह गिर पड़ा और आग में जिंदा जल गया।

**दर्दनाक**

दो घंटे बाद पाया आग पर काबू, आग बुझाने के प्रयास में गई किसान की जान

### बुरी तरह झुलसा मिला

आग बुझने के बाद ही जयप्रकाश खेत के बीच में बुरी तरह झुलसा हुआ मिला। वह दम तोड़ चुका था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया व परिजनों के बयान दर्ज कर शव अस्पताल में भिजवाया।

# पीएम मोदी का कांग्रेस पर प्रहार, देश में आरक्षण कभी खत्म नहीं होगा



**टोंक (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर कहा है कि देश में आरक्षण कभी खत्म नहीं होगा। उन्होंने राजस्थान के उनियारा (टोंक-सवाईमाधोपुर लोकसभा) में कहा कि कांग्रेस पार्टी की सोच हमेशा से तुष्टिकरण की राजनीति की रही है। वो दलित-आदिवासियों को मिले आरक्षण को कम करके मुसलमानों को देना चाहती है। साल 2004 में कांग्रेस ने सबसे पहले आंध्र प्रदेश में एससी/एसटी के आरक्षण में कमी करके मुसलमानों को रिजर्वेशन देने की कोशिश की थी। ये एक पायलट प्रोजेक्ट था, जिसे बाद में पूरे देश में लागू करने की प्लानिंग थी, लेकिन मंसूबे कामयाब नहीं हो सके। इसके बाद 2011 में फिर से देश में इसे लागू करने की कोशिश हुई। कांग्रेस ने संविधान की परवाह नहीं की, लेकिन हमने ऐसा नहीं होने दिया। क्या कांग्रेस अब देश की जनता से वादा करेगी कि वो उस आरक्षण को मुसलमानों में नहीं बांटेगी।

### कांग्रेस ने वोट बैंक की राजनीति की

- जब कर्नाटक में भाजपा सरकार थी तो हमने सबसे पहला काम किया कि उन्होंने जो एससी/ एसटी से आरक्षण छीनकर मुस्लिम कोटा निकाला था उसे खत्म किया। जिसका हक था उसे सुरक्षित रखा, लेकिन कांग्रेस आग बबूला हो गई। मोदी संविधान को समझता है, बाबा साहेब की पूजा करने वाला व्यक्ति है।
- संविधान इसके खिलाफ है। आरक्षण का हक बाबा साहेब ने दलित, आदिवासी, पिछड़ों को दिया, कांग्रेस और इंडी अलायंस वाले उसे मजहब के आधार पर मुसलमानों को देना चाहते थे। कांग्रेस सिर्फ वोट बैंक की राजनीति करती है।

कांग्रेस राज में हनुमान चालीसा सुनना भी गुनाह था
■
ये केवल मुस्लिमों को आरक्षण देना चाहते हैं
■
राजस्थान में जब कांग्रेस सरकार थी तब रामनवमी यात्रा पर रोक लगाई


## टिप्पणी कलकत्ता हाईकोर्ट ने की चुनाव आयोग से अपील

# जहां लोग शांति से कोई त्योहार नहीं मना सकते, वहां चुनाव नहीं होने दें

**बहरामपुर में चुनाव आगे बढ़ाएं, आचार संहिता में दो गुटों में हुआ था झगड़ा**

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

कलकत्ता हाईकोर्ट ने मंगलवार को चुनाव आयोग से अपील की है कि बहरामपुर (मुर्शिदाबाद) में चुनाव आगे बढ़ाया जाए। मुर्शिदाबाद में 13 और 17 अप्रैल को रामनवमी उत्सव के दौरान दो गुटों में झगड़ा हुआ था। बहरामपुर सीट मुर्शिदाबाद में आती है। कलकत्ता हाईकोर्ट ने दो याचिकाओं की सुनवाई की थी, जिसमें घटना को लेकर सीबीआई और एनआईए जांच की मांग की गई है। चुनाव होने का कारण भी समस्या होगी। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस टीएस सिवागननम ने टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर लोग 8 घंटे के लिए भी कोई त्योहार शांति से नहीं मना सकते तो हम इलेक्शन कमीशन से रिक्वेस्ट करते हैं कि ऐसे निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव न कराएं जाएं। आचार संहिता लागू हो जाने के बाद भी, दो समुदायों के लोग आपस में लड़ रहे हैं। इन्हें अपना प्रतिनिधि चुनने के लिए वोट देने का कोई अधिकार नहीं है।



### बंगाल सरकार से मांगी रिपोर्ट

हाईकोर्ट ने बंगाल सरकार से अपील की है कि रामनवमी पर मुर्शिदाबाद में जो हिंसा हुई थी, उस पर रिपोर्ट पेश करें। मामले की अगली सुनवाई 26 अप्रैल को होगी। पश्चिम बंगाल में सभी सातों फेज में लोकसभा चुनाव होने हैं। इलेक्शन कमीशन ने राज्य में केंद्रीय सुरक्षा बलों की 920 टुकड़ियां तैनात की हैं। यहां जम्मू-कश्मीर से ज्यादा सुरक्षा बल तैनात किया गया है।

### मुर्शिदाबाद के रेजीनगर में हुई थी पत्थरबाजी

भाजपा आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने हिंसा के कुछ वीडियो शेयर किए थे। उन्होंने लिखा- ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल के लिए कलंक हैं। वह एक बार फिर रामनवमी शोभा यात्रा की सुरक्षा करने में विफल रहीं। मुर्शिदाबाद के रेजीनगर में हिंदू श्रद्धालुओं को निशाना बनाया गया। इस क्षेत्र में हिंदू अल्पसंख्यक हैं। रेजीनगर में एक छत से लोगों के पत्थरबाजी करने का भी वीडियो सामने आया है। उन्होंने इस मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की थी।




# मोटे मुनाफे का लालच देकर 1500 लोगों से 25 करोड़ ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पुलिस ने विजन मार्केट के नाम से चिटफंड कंपनी बनाकर मोटे मुनाफे का लालच देकर हरियाणा, पंजाब, राजस्थान व यूपी के करीब 1500 लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह के मुख्य आरोपित सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एसपी विक्रांत भूषण ने बताया कि गिरफ्तार किए गए मुख्य आरोपित की पहचान सुभाष निवासी गुड़ियाखेड़ा जिला सिरसा व दूसरे आरोपित की पहचान लाभ सिंह उर्फ लवली निवासी समाना पंजाब के रूप में हुई है। पतली डाबर निवासी लखबीर सिंह की शिकायत पर एक जनवरी 2024 को मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

**सिरसा में मुख्य सरगना समेत दो आरोपित पकड़े**



### विजन मार्केट के नाम से बनाई चिटफंड कंपनी

आरोपितों ने विजन मार्केट नाम से चिटफंड कंपनी बनाई। सिरसा समेत कई जगहों पर कार्यालय स्थापित कर वर्ष 2021 व 2022 की अवधि के दौरान हरियाणा, पंजाब, राजस्थान व यूपी के करीब 1500 लोगों से अब तक करीब 24/25 करोड़ रुपये की ठगी की। मुख्य आरोपित सुभाष को 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जबकि दूसरे आरोपित लाभ सिंह को भी अदालत में पेश कर रिमांड हासिल किया जाएगा।

# केजरीवाल की हिरासत 7 मई तक बढ़ी

**जेल में पहली बार इंसुलिन दी गई**

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ा दी। केजरीवाल के अलावा बीआरएस नेता के. कविता और एक अन्य आरोपित चरनप्रीत की कस्टडी भी 7 मई तक बढ़ा दी गई है। ईडी ने कोर्ट में कहा कि के. कविता के केस में एजेंसी 60 दिन में चार्जशीट फाइल करेगी। इस बीच, तिहाड़ प्रशासन ने बताया कि केजरीवाल को सोमवार शाम इंसुलिन दी गई। कम खुराक वाली इंसुलिन की 2 यूनिट दी गईं, क्योंकि सोमवार शाम 7 बजे उनका शुगर लेवल 217 हो गया था। एम्स की टीम ने कहा था कि स्तर 200 पार होने पर इंसुलिन दी जा सकती है।

**UNCONDITIONAL PUBLIC APOLOGY**

भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण (रिट याचिका सं. 645/2022) के संदर्भ में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों/आदेशों का पालन न करने अथवा अवज्ञा के लिए हम वैयक्तिक रूप से, साथ ही कम्पनी की ओर से बिना शर्त क्षमायाची हैं।

हम विगत 22.11.2023 को बैठक/संवाददाता सम्मेलन आयोजित करने के लिए भी क्षमाप्रार्थी हैं। हम अपने विज्ञापनों के प्रकाशन में हुई गलती के लिए भी ईमानदारी से क्षमा चाहते हैं और पूरे मन से प्रतिबद्धता व्यक्त करते हैं कि ऐसी त्रुटियों की पुनरावृति नहीं होगी। हम पूरी सावधानी और अत्यंत निष्ठा के साथ माननीय न्यायालय के निर्देशों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम न्यायालय की महिमा का सम्मान बनाए रखने और लागू कानूनों एवं माननीय न्यायालय/संबंधित अधिकारियों के निर्देशों का पालन करने का वचन देते हैं।

निवेदक,
पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड,
आचार्य बालकृष्ण,
स्वामी रामदेव,
हरिद्वार, उत्तराखंड

# गुटबाजी से बाहर निकलने की मुहिम तेज एक मंच पर नजर आए परस्पर विरोधी

■ अहीरवाल भाजपा में अभी तक हावी रही है गुटबाजी, सीएम की नारनौल रैली के बाद रेवाड़ी में बदलेगा माहौल

नरेन्द्र वत्स ▸▸| रेवाड़ी


राव इन्द्रजीत सिंह


राव नरबीर सिंह


सुधा यादव


रणधीर कापड़ीवास

प्रदेश कांग्रेस की तरह अहीरवाल भाजपा में वर्ष 2013 में शुरू हुई गुटबाजी को खत्म करने के पार्टी के शीर्ष नेताओं के प्रयास रंग लाने लगे हैं। मंगलवार को नारनौल में सीएम नायब सिंह सैनी की 'विजय संकल्प रैली' में भाजपा के दो गुटों के नेताओं ने न सिर्फ मंच साझा किया, बल्कि पूर्व की तरह एक-दूसरे पर छींटाकशी करने से गुरेज किया। आगामी 29 अप्रैल को सीएम के रेवाड़ी आगमन पर यहां भी भाजपा के दोनों खेमों से जुड़े नेता एकमंच पर नजर आ सकते हैं। अगर पार्टी की गुटबाजी पूरी तरह खत्म हो जाती है, तो लोकसभा चुनावों में उसे इसका पूरा फायदा मिलने की राह आसान हो जाएगी।

दक्षिणी हरियाणा भाजपा में फूट राव इंद्रजीत के आने के बाद ही शुरू हो गई थी, जो समय के साथ कम होने की बजाय बढ़ती चली गई। गत लोकसभा चुनावों में भले ही राव इंद्रजीत सिंह ने बड़े मार्जिन से जीत हासिल की थी, परंतु उसके बाद हुए विधानसभा चुनावों में इस लोकसभा क्षेत्र में भाजपा को 9 में से चार सीटों पर ही जीत हासिल करने का मौका मिला था। आपसी गुटबाजी के चलते रेवाड़ी और बादशाहपुर सीट भाजपा के हाथ से निकल गई थी। रेवाड़ी में तो भाजपा प्रत्याशी सुनील मुसेपुर को हराने के लिए राव विरोधी खेमे ने पूरी ताकत लगा दी थी। इसी के चलते यह सीट भाजपा ने कांग्रेस की झोली में डाल दी थी। नांगल चौधरी के विधायक डा. अभयसिंह को गत विस चुनावों के बाद भाजपा सरकार में मंत्री बनाने की तैयारी शुरू हुई, तो राव इंद्रजीत ने विरोध किया।

### सभी नेताओं ने दिया एकजुटता का संदेश

नारनौल में चौ. धर्मबीर के समर्थन में आयोजित सीएम नायब सैनी की विजय संकल्प रैली में राव इंद्रजीत सिंह व उनके खेमे से जुड़े ओमप्रकाश यादव, लक्ष्मण सिंह यादव, रामबिलास शर्मा व मंत्री बने डा. अभयसिंह सहित भाजपा के कई नेता एकमंच पर नजर आए। सभी ने पार्टी प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित कराने के लिए काम करने की प्रतिबद्धता दिखाते हुए एकजुटता का संदेश दिया।

### गुरुग्राम में गुटबाजी दूर करना जरूरी

गुरुग्राम लोकसभा सीट पर भाजपा की अंदरूनी गुटबाजी चरम पर है। इस सीट पर भीतरघात का खतरा ज्यादा मंडराया हुआ है। राव इंद्रजीत सिंह समर्थकों की मजबूत टीम के साथ अभी तक अपने दम पर चुनाव प्रचार में लगे हुए हैं। सीएम और पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष होने के नाते नायब सैनी अगर इन सभी नेताओं को एकमंच पर लाने में सफल होते हैं, तो इस सीट पर पार्टी प्रत्याशी की जीत का रास्ता आसान हो सकता है।

## लोस चुनावः लिस्ट जारी नहीं होने से प्रत्याशियों की धड़कनें तेज

# एसआरके व हुड्डा गुट में रार से बढ़ रहा कांग्रेस का संकट

मोहन भारद्वाज ▸▸| रोहतक

प्रदेश कांग्रेस दो धड़ों एसआरके व हुड्डा गुट में बंटी हुई है। एक गुट का नेतृत्व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा तो दूसरे का संयुक्त रूप से कुमारी सैलजा, रणदीप सुरजेवाला व किरण चौधरी के हाथों में हैं। एसआरके का चेहरा बने तीनों नेताओं को हुड्डा गुट लोकसभा के लिए चुनाव मैदान में उतारना चाह रहा है तथा एसआरके विशेषकर सैलजा भूपेंद्र हुड्डा को लोकसभा चुनाव के लिए मैदान में देखना चाहती हैं। जिससे रोहतक, भिवानी-महेंद्रगढ़, सिरसा, हिसार व अंबाला सीट पर सबसे अधिक पेंच फंसा हुआ है। रविवार को दिल्ली में हुई कांग्रेस सीईसी की बैठक में दोनों गुटों के अपनी अपनी बात पर अड़े रहने से सूची फाइनल नहीं हो पाई।

### राज्यसभा की सीट ने दीपेंद्र को फंसाया

एसआरके गुट का तर्क हैं कि दीपेंद्र हुड्डा हरियाणा से राज्यसभा सांसद हैं। उनके लोकसभा चुनाव लड़ने से कांग्रेस को राज्यसभा की एक सीट से हाथ धोना पड़ेगा। विधानसभा में बहुमत के चलते राज्यसभा की सीट खाली होने पर भाजपा की जीत सुनिश्चित है। एसआरके के नेता राज्यसभा की सीट बचाने के लिए रोहतक से दीपेंद्र की बजाय भूपेंद्र हुड्डा को मैदान में उतारने की बात को मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं। जिससे अब तक लोकसभा चुनाव लड़ने से इंकार करने वाले भूपेंद्र सिंह हुड्डा एसआरके के जाल में फंसते नजर आ रहे हैं। ऐसे में अब कांग्रेस की सूची जारी होने तक किस सीट पर कौन चेहरा होगा इस पर संशय बना रहेगा

### एसआरके व हुड्डा की एक दूसरे को चुनौती


भूपेंद्र सिंह हुड्डा


कुमारी सैलजा


रणदीप सुरजेवाला


किरण चौधरी

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने लोस चुनावों के दौरान प्रचार व प्रदेश में जल्द होने वाले विस चुनाव का हवाला देकर सार्वजनिक तौर पर स्वयं लोस चुनाव में उतरने से इंकार किया था। उन्होंने कुमारी सैलजा, रणदीप जैसे बड़े नेताओं को लोकसभा चुनाव लड़ने की सलाह भी दी थी। जिसके बाद एसआरके नेताओं ने पार्टी हाईकमान पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा को चुनाव मैदान में उतारने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। हुड्डा रोहतक से दीपेंद्र, हिसार से बृजेंद्र या जयप्रकाश, सिरसा से सुशील इंदौरा, अंबाला से कुमारी सैलजा, भिवानी महेंद्रगढ़ से राव दान सिंह, करनाल से बीरेंद्र मराठा, सोनीपत से सतपाल महाराज, फरीदाबाद से कर्ण सिंह दलाल या महेंद्र प्रताप और गुरुग्राम से राजबब्बर को चुनाव मैदान में उताराना चाहते हैं। जबकि एसआरके रोहतक या सोनीपत में भूपेंद्र हुड्डा, हिसार में चंद्रमोहन बिश्नोई, भिवानी महेंद्रगढ़ में श्रुति चौधरी, सिरसा में कुमारी सैलजा, अंबाला में वरुण चौधरी को चुनाव लड़वाना चाह रहे हैं।

### प्रचार में जुटे विरोधी, कांग्रेस का मैदान खाली

भाजपा के उम्मीदवार पिछले करीब एक माह से चुनाव प्रचार करने में जुटे हुए हैं। मुख्यमंत्री भी पार्टी उम्मीदवारों के पक्ष में विजय संकल्प रैलियां कर रहे हैं। पार्टी के दूसरे बड़े नेता भी अपने स्तर पर प्रचार कर रहे हैं। जजपा पांच और इनेलो अपने आठ उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारकर चुनाव प्रचार में जुट चुकी हैं। जबकि आप के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रही कांग्रेस के हिस्से की सभी नौ सीटों पर मैदान बिल्कुल खाली पड़ा है। आप उम्मीदवार सुशील गुप्ता कुरूक्षेत्र में मोर्चा संभाले हुए हैं।

अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।

**कब क्या होगा:** प्रदेश में 25 मई को होने वाले मतदान की अधिसूचना 29 अप्रैल को जारी होगी। 6 मई तक उम्मीदवार नामांकन कर सकेंगे तथा सात मई को छंटनी होगी। 9 मई तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। मतदान के लिए प्रदेश में 10 हजार 363 स्थानों पर 19 हजार 812 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। चार जून को मतों की गिनती होगी।

## नंदलाल शर्मा ने दिया जजपा से इस्तीफा



**नरवाना।** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के काफी नजदीकी रहे नंदलाल शर्मा ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। शर्मा पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य थे। पार्टी से इस्तीफा देने का पत्र शर्मा ने हाईकमान को भेज दिया है। नंदलाल शर्मा ने बताया कि उन्होंने चौ देवीलाल परिवार के साथ 1984 से एक दरी बिछाने वाले कार्यकर्ता के रूप में काम शुरू किया था। तब से लेकर आज तक करीब 40 साल हो चुके हैं परिवार के साथ काम करते हुए। 2008 में टीम के साथ दिल्ली नजफ गढ़ विधानसभा क्षेत्र में भरत सिंह के चुनाव में डॉ अजय सिंह चौटाला के आदेश से जोन प्रभारी के तोर पर काम किया।

## भाजपा को जनता से वोट नहीं, माफी मांगनी चाहिए

पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा का भाजपा पर तंज

**चंडीगढ़।** आधी लचर, आधी लाचार और पूरी तरह बेकार है हरियाणा की बीजेपी सरकार। ये कहना है पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का। हुड्डा प्रदेश सरकार के पूरे कार्यकाल पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे थे। इस मौके पर हुड्डा ने कहा कि हरियाणा में बीजेपी को वोट मांगने की बजाय, जनता से माफी मांगनी चाहिए। मंचों से हवा-हवाई भाषणबाजी करने की बजाय खुद के सरकारी आंकड़े देखने चाहिए। आंकड़े बताते हैं कि बीजेपी ने एक ऐसे प्रदेश को गरीबी में नंबर वन बना दिया,जो 2014 से पहले देश का सबसे समृद्ध राज्य था। भाजपा द्वारा बनाई गई फैमिली आईडी का डाटा बताता है कि हरियाणा की 63% आबादी गरीबी के दलदल में फंस चुकी है।

## कांग्रेस जल्द करेगी प्रदेश के उम्मीदवारों की घोषणा

कांग्रेस नेत्री कुमारी सैलजा ने कहा

**चंडीगढ़।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्य समिति की सदस्य कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस के उम्मीदवारों की जल्द घोषणा कर दी जाएगी। उन्होंने केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने का दावा जताया। कुमारी सैलजा मंगलवार को जगाधरी के सेक्टर-15 में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता निलय सैनी के बेटे के अक्समात हुए निधन पर दुख जताने पहुंची थी। उन्होंने निलय सैनी और उनके परिवार को सांत्वना दी और इस दुख की घड़ी में वह और समस्त कांग्रेस पार्टी उनके साथ खड़ी होने का आश्वासन दिया। कुमारी सैलजा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को आपार जनसमर्थन मिल रहा है।

# प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए 29 अप्रैल को जारी होगी अधिसूचना

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़


अनुराग अग्रवाल मुख्य निर्वाचन अधिकारी

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने बताया कि हरियाणा में 25 मई को छठे चरण में होने वाले लोकसभा आम चुनाव के लिए 29 अप्रैल को अधिसूचना जारी की जाएगी। पीठासीन अधिकारी प्रातः 11 बजे नामांकन समय आरंभ होने से पहले सार्वजनिक सूचना जारी करेंगे। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 6 मई होगी। अग्रवाल चुनाव प्रबंधों को लेकर विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक सूचना अंग्रेजी व राज्य की आधिकारिक भाषा में जारी की जाएगी।

### वोटर इन क्यू एप से पता चलेगी मतदान केन्द्र की जानकारी

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि हरियाणा ने 'वोटर इन क्यू' नाम से एक ऐसी एप लांच की है, जिसके माध्यम से मतदाता मतदान केन्द्रों पर लगने वाली भीड़ की जानकारी घर बैठे ही प्राप्त कर सकते हैं और वह भीड़ कम होते ही वोट डालने के लिए जा सकता है।

## विस नहीं पहुंचे रणजीत चौटाला, अध्यक्ष ने दिया एक और मौका



**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला को उनके त्याग पत्र की पुष्टि के लिए एक और मौका दिया है। उन्हें 30 अप्रैल को विधान सभा अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत होकर अपने त्याग पत्र की पुष्टि करने को कहा गया है। गौरतलब है कि चौटाला ने अपना त्याग पत्र संदेशवाहक के माध्यम से 24 मार्च को विधान सभा सचिवालय को भेजा था। इसकी पुष्टि के लिए विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने उन्हें 23 अप्रैल को विधान सभा में उपस्थित होने के लिए पत्र लिखा था।


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 267 दिनांक 18.04.24 धारा 346 IPC थाना शहर जिला रोहतक**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - विकाश
**पिता/पति का नाम** – पुत्र राम किशन
**पता** - फतेहपुर कालोनी खोखरा कोट जिला रोहतक।
**उम्र**- 22 वर्ष
**कद**- 5 फुट 5 इंच
**हुलिया**- रंग गेहुंआ, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट पतला शरीर, काले बाल, काली आंखे।
**पहनावा** - वाईट शर्ट चैकदार व ग्रे पैन्ट पहने हुए है व पैरों में जूते पहने हुए है।
दिनांक 18.04.24 को विकाश पुत्र राम किशन निवासी फतेहपुर कालोनी खोखरा कोट थाना शहर जिला रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरो पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना शहर रोहतक- 7082999115
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक-9466516387

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 229 दिनांक 18.04.24 धारा 365 IPC थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक।**




**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - निधि व भतेरी
**पिता/पति का नाम** - पुत्रिया रणधीर
**पता** - तानाशेर विहार भिवानी चुंगी जिला रोहतक।
**उम्र**- 17 वर्ष और 14 वर्ष
**कद**- 5 फुट व 4 फुट
**हुलिया**- 1. रंग साफ, पतला शरीर, काले बाल काली आंखे 2. रंग साफ, गोल चेहरा, पतला शरीर काले बाल काली आंखे
**पहनावा**- 1. सफेद रंग का सूट काली छापेदार सलवार व पैरों में हरे रंग की चप्पल पहने हुए है 2. काली शर्ट व नीला पैन्ट पैरों में हरे रंग की चप्पल पहने हुए है।
दिनांक 18.04.24 को निधि व भतेरी पुत्रियां रणधीर निवासी तानाशेर विहार भिवानी चुंगी थाना शिवाजी कालोनी रोहतक, बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 9813238170

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 117 दिनांक 18.04.24 धारा 365 IPC थाना अर्बन एस्टेट जिला रोहतक ।**




**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - सोनिया व किरण
**पिता/पति का नाम**- पुत्रियां बन्शीबारे
**पता**- किराएदार सैक्टर 04 हाऊसिंग बोर्ड जिला रोहतक।
**उम्र**- 17-17 वर्ष
**कद**- दोनो 04 फुट
**हुलिया**- 1. रंग सांवला, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काले बाल काली आंखे। दाहिने हाथ पर माँ लिखा हुआ।
2. रंग सांवला, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काले बाल काली आंखे। दाहिने हाथ पर माँ लिखा हुआ व बाई आँख की साईड में तिल।
**पहनावा** - 1. पीले रंग का सलवार सूट व पैरों में चप्पल पहने हुए है।
2. क्रीम रंग का सूट सलवार व पैरों में चप्पल पहने हुए है
दिनांक 18.04.24 को सोनिया व किरण पुत्रियां बन्शीबारे निवासी किराएदार सैक्टर 04 हाऊसिंग बोर्ड जिला रोहतक थाना अर्बन एस्टेट रोहतक, बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना अर्बन एस्टेट रोहतक 7082999122
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना अर्बन एस्टेट रोहतक- 9466207401

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 166 दिनांक 19.04.24 धारा 346 IPC थाना महम जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - नेहा
**पिता/पति का नाम** – पुत्री नवदीप
**पता**- गांव भैणी मातो जिला रोहतक।
**उम्र**- 18.5 वर्ष
**कद**- 5 फुट 1 ईच
**हुलिया** - रंग गोरा, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काले बाल काली आंखे, दाहिने हाथ पर मोर का चंदा गुदा हुआ।
पहनावा - पीले रंग का सूट सलवार व पैरों में सफेद रंग की जूती पहने हुए है।
दिनांक 19.04.24 को नहा पुत्री नवदीप निवासी गांव भैणी मातो जिला रोहतक थाना महम जिला रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना महम रोहतक 7082999127
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना महम रोहतक- 9991462012

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 271 दिनांक 19.04.24 धारा 346 IPC थाना शहर जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - मुकेश
**पिता/पति का नाम** - पत्नी नरेश
**पता** - बरसी नगर जीन्द बाई पास जिला रोहतक ।
**उम्र**- 49 वर्ष
**कद**- 5 फुट 2 ईच
**हुलिया**- रंग गोरा, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काले बाल काली आंखे, ।
**पहनावा** - क्रीम रंग का सूट छोपेदार व पीली सलवार व पैरों में जूती पहने हुए है।
दिनांक 19.04.24 को मुकेश पत्नी नरेश निवासी बरसी नगर जीन्द बाई पास जिला रोहतक थाना शहर रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना शहर रोहतक- 7082999115
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक- 9671249128

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 80 दिनांक 19.04.24 धारा 346 IPC थाना सिविल लाईन जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - पिंकी
**पिता/पति का नाम** – पुत्री कर्ण सिंह
**पता**- फतेहपुर कालोनी खोखरा कोट जिला रोहतक।
**उम्र**- 22 वर्ष
**कद**- 5 फुट 3 इंच
**हुलिया**- रंग गोरा, गोल चेहरा, सामान्य शरीर, काले बाल काली आंखे,।
**पहनावा**- जामुनी रंग का सूट व पजामी व पैरों में काली जूती पहने हुए है।
दिनांक 19.04.24 को पिंकी पुत्री कर्ण सिंह निवासी फतेहपुर कालोनी खोखरा कोट जिला रोहतक बिना किसी को बताए आई.सी. कालेज दुर्गा कालोनी रोहतक थाना सिविल लाईन रोहतक से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना सिविल लाईन रोहतक - 7082999117
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सिविल लाईन रोहतक- 8307846984

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 162 दिनांक 20.04.24 धारा 346 IPC थाना पुरानी सब्जी मण्डी जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** -पुष्पा
**पिता/पति का नाम**- पत्नी दिनेश चन्द्र
**पता** - 592/27 गाँधी कैम्प जिला रोहतक ।
**उम्र**- 32 वर्ष
**कद**- 5 फुट
**हुलिया**- रंग गेहुंआ, लम्बूतरा चेहरा, सामान्य शरीर, काले बाल काली आंखे,।
**पहनावा** - संतरिया रंग का सूट सफेद रंग की पजामी नुमा सलवार व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।
दिनांक 20.04.24 को पुष्पा पत्नी दिनेश चन्द्र निवासी 592/27 गाँधी कैम्प जिला रोहतक थाना पुरानी सब्जी मण्डी एरिया से भिवानी सटैण्ड रोहतक से PGIMS के लिए गई जो वापीस नही आई जिस संबन्ध मे उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरो पर सूचित करें । सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक - 7082999116
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक- 9466228916

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 276 दिनांक 20.04.24 धारा 346 IPC थाना शहर जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - दीपक
**पिता/पति का नाम** - पुत्र कृष्ण कुमार नैन
**पता**- शिव कालोनी जिला रोहतक।
**उम्र**- 24 वर्ष
**कद**- 5 फुट 8 ईच
**हुलिया**- रंग गेहुंआ, लम्बा चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काले बाल काली आंखे,।
**पहनावा** - सफेद शर्ट, नीला पजामा, सफेद परना व पैरों में चप्पल पहने हुए है।
दिनांक 20.04.24 को दीपक पुत्र कृष्ण कुमार नैन निवासी शिव कालोनी जिला रोहतक थाना शहर रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना शहर रोहतक- 7082999115
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक- 9467204900

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 107 दिनांक 20.04.24 धारा 346 IPC थाना सदर जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - अंजली
**पिता/पति का नाम** – पुत्री रोहित
**पता** - गांव किलोई खास जिला रोहतक।
**उम्र**- 20 वर्ष
**कद**- 5 फुट 4 इंच
**हुलिया**- रंग गोरा, लम्बा चेहरा, हष्ट पुष्ट पतला शरीर, काले बाल काली आंखे,।
**पहनावा** - बाबा रंग का सूट पलाजो व पैरों में जूती पहने हुए है।
दिनांक 20.04.24 को अंजली पुत्री रोहित गांव किलोई खास जिला रोहतक थाना सदर रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना सदर रोहतक 7082999123
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सदर रोहतक- 8950515583

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 94 दिनांक 20.04.24 धारा 346 IPC थाना आर्य नगर जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - अतुल चावला
**पिता/पति का नाम** - पुत्र रविन्द्र चावला
**पता** - 432/18 गली न. 02 रविदास नगर जिला रोहतक।
**उम्र**- 39 वर्ष
**कद**- 5 फुट 8 इंच
**हुलिया**- रंग गेहुंआ, लम्बा चेहरा, हष्ट पुष्ट पतला शरीर, काले बाल काली आंखे, दाढी मुंछ सफेद व काली है, हाथ की कलाई पर SAYESHA लिखा है।
**पहनावा** - नीला चैकदार शर्ट व नीली जीन्स व पैरों में जूते पहने हुए है।
दिनांक 20.04.24 को अतुल चावला पुत्र रविन्द्र चावला निवासी 432/18 गली न. 02 रविदास नगर जिला रोहतक थाना आर्य नगर रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना आर्य नगर रोहतक- 7082999118
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना आर्य नगर रोहतक- 9466824138


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 163 दिनांक 20.04.24 धारा 346 IPC थाना पुरानी सब्जी मण्डी जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - कविता
**पिता/पति का नाम** – पत्नी सतीश
**पता**- राजीव नगर जिला रोहतक।
**उम्र**- 36 वर्ष
**कद**- 5 फुट 5 इंच
**हुलिया**- रंग गोरा, लम्बूतरा चेहरा, पतला शरीर, काले बाल काली आंखे, बाई आँख पर तिल।
**पहनावा** - नीले रंग का सूट सलवार व पैरों में हवाई जूती पहने हुए है।
दिनांक 20.04.24 को कविता पत्नी सतीश निवासी राजीव नगर जिला रोहतक थाना पुरानी सब्जी मण्डी बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक – 7082999116
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक- 9812618130

पीआरडीएच-1084/11/2301/2025/26156/88/6 दि. 23.04.24



# नारनौल रैली में मंच पर एकजुट हुए भाजपा नेता, अब विपक्ष का इंतजार

**खास बातें**

- केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत के आगमन पर भी रैली में नहीं जुट पाई भीड़
- इससे पहले नांगल चौधरी की रैली में भी खाली रह गई थी कुर्सियां



नारनौल। रैली में सीएम के संबोधन के दौरान खाली पड़ी कुर्सियां।

सतीश सैनी ▶▶| नारनौल

लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा का लक्ष्य हरियाणा की सभी 90 विधानसभा में रैली करने का है। महेंद्रगढ़ जिला में चार में से दो विधानसभा में भाजपा रैली कर चुकी है। रविवार को नांगल चौधरी विधानसभा की रैली में भीड़ कम थी। उससे लग रहा था कि मंगलवार को नारनौल विधानसभा की रैली में अच्छी खासी भीड़ होगी। कारण, इस रैली में दक्षिणी हरियाणा के प्रभावशाली नेता राव इंद्रजीतसिंह भी आ रहे हैं। अब जब यह रैली हुई तो नांगल चौधरी रैली वाली ही स्थिति नारनौल रैली में दिखाई दी। हालांकि यह भी सत्य है कि कभी भी रैली में उमड़ी भीड़ या कम होने से हार-जीत का 100 फीसदी आंकलन नहीं निकाला जा सकता, केवल और केवल संभावनाएं ही व्यक्त की जा सकती है। ऐसे में अब राजनीति के जानकार इस बात का इन्तजार कर रहे है, कब विपक्ष से जुड़ी पार्टियों के उम्मीदवार रैली करें और उसका आंकलन हो। भाजपा की इस रैली के कई मायने निकाले जा सकते है। यह रैली नारनौल विधानसभा से जुड़े संगठन पदाधिकारी, कार्यकर्ता और हाल फिलहाल विधायक या भविष्य में टिकट की उम्मीद पाले नेताओं को बहुत कुछ कह गई है। मायने यह भी निकाले जा रहे है कि नारनौल विधानसभा से लगातार ओमप्रकाश यादव दो बार विधायक है। वह मनोहरलाल सरकार में राज्यमंत्री थे। जब सीएम बदले और नायब सैनी बने तो ओमप्रकाश यादव को मंत्रीमंडल में जगह नहीं दी। इससे उनके कार्यकर्ता हताश है। यह भी कारण हो सकता है। दूसरी तरफ यह भी मायने निकाले जा रहे है कि नारनौल विधानसभा से भाजपा सीट के लिए ओमप्रकाश यादव के अलावा भाजपा की जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष भारती सैनी और हाल ही में जजपा छोड़कर आई नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी भी इस दौड़ में है। इस रैली को सफल बनाने के लिए दिखावे के लिए सभी ने जोर लगाया, पर पोल रैली में खुल गई। हालांकि सूत्र यह भी बताते है कि रैली संयोजक की ओर से भारती सैनी को निमंत्रण तक नहीं दिया, फिर भी वह पार्टी में महिला जिला अध्यक्ष होने के नाते कार्यकर्ताओं के साथ पहुंची थी। दूसरी बात यह भी सामने आई है नगर परिषद के उपप्रधान संजय यादव का नाम भी स्वागत लिस्ट से हटा दिया गया, इस वजह से नारनौल नगर परिषद के अधिकांश पार्षद नाखुश होकर रैली से वापस लौट गए।

अब यह तो रैली संयोजक को मंथन करना होगा कि रैली की सफलता के लिए जिस नेताओं की ड्यूटी लगाई थी, उनमें से कौन-कौन खरे उतरे है। यह भी मायने निकाले जा रहे है कि रैली कामयाब हुई या फेल हुई तो इसका श्रेय रैली संयोजक ओमप्रकाश यादव को जाएगा। ऐसे में उनकी ही पार्टी के टिकट की दौड़ में शामिल नेता इसे भुनाना चाहते हो।

### जुबान फिसली...राव इंद्रजीत को कहा सीएम

रैली में जब भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रो. रामबिलास शर्मा ने संबोधन खत्म किया तो अंत में उन्होंने राव इंद्रजीतसिंह को सीएम कह दिया। इसकी वहां पंडाल में खूब चर्चाएं शुरू हुई कि दादा पंडित रामबिलास की यह शब्द बोलने के पीछे सच में जुबान फिसली है या संदेश वह कुछ ओर ही देना चाहते थे।

### धर्मबीर ने गिनवाई मोदी सरकार की उपलब्धि

इस रैली में जब भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी चौधरी धर्मबीरसिंह की बारी आई तो उनका पूरा भाषण मोदी सरकारी की उपलब्धि तक सिमट कर रह गया। अपने भाषण में 10 साल में खुद सांसद रहते करवाए गए कार्यों का बखान नहीं किया।

### कहीं नाराज तो नहीं अहीरवाल!

भाजपा ने भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा से उम्मीदवार चौधरी धर्मबीर सिंह को बनाया है। दो बार जीत के बाद वह लगातार तीसरी बार उम्मीदवार हैं। नांगल चौधरी विधानसभा के विधायक डा. अभयसिंह यादव नायब सैनी सरकार में सिंचाई राज्यमंत्री बने है। उम्मीद थी कि यहां सीएम के आगमन पर होने वाली रैली सफल होगी, पर ऐसा दिखाई नहीं दिया। अब दूसरी रैली नारनौल में हुई तो वहीं हालत यहां भी दिखे। रैली में जैसे ही राव इंद्रजीत ने अपना संबोधित खत्म किया और सीएम नायब सैनी अपना भाषण शुरू करने के लिए उठे तो पंडाल में बैठे लोग उठकर जाने लगे। ऐसे में अब लोग यह मायने निकालने लगे है कि सीएम या उम्मीदवार से अहीरवाल की जनता नाराज तो नहीं है।

## खबर संक्षेप



### राज्यपाल ने तलवार के निधन पर शोक जताया

**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. राकेश तलवार के निवास स्थान पर जाकर उनके बड़े भाई राजेश की धर्मपत्नी गरिमा के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की।

### यूजी-पीजी के यूएमसी केसों की सुनवाई 28 को

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के यूजी व पीजी के यूएमसी केसों की सुनवाई 28 अप्रैल रविवार को प्रातः 10 बजे विश्वविद्यालय के प्रेमनगर स्थित नए कैंपस में होगी। प्रवक्ता ऋषि शर्मा ने बताया कि केसों की सुनवाई की जानकारी विवि से संबंधित सभी कॉलेजों को ईमेल से भेज दी गई है और सूचना विवि की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

### हकृवि में बनेगी किसानों के लिए डिजिटल लैब

**चंडीगढ़।** प्रदेश में अनुसूचित जाति के किसानों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान तथा उनकी क्षमता निर्माण को मजबूती प्रदान करने के लिए हिसार स्थित चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में डिजिटल लैब की स्थापना होगी। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि इसके लिए 60 लाख की अनुदान राशि प्रदान की गई है।

# सात दिन में 926 ट्रेन कैंसिल, अब कुलियों के सामने आर्थिक संकट

- शंभू रेलवे ट्रैक पर धरने पर बैठे किसान बोले, सहयोगी किसानों की रिहाई के बाद ही हटेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

शंभू रेलवे स्टेशन पर किसानों का धरना सातवें दिन भी जारी रहा। धरने की वजह से अब रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं। किसानों ने साफ कहा कि जब तक सरकार उनके साथियों को रिहा नहीं करती तब तक उनका धरना जारी रहेगा। उधर धरने की वजह से ट्रेनों के लगातार कैंसिल होने से अब कुली भी भूखे मरने की कगार पर पहुंच गए हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से तुरंत किसान आंदोलन को खत्म करने की अपील की है ताकि उन्हें रोजगार मिल सके। दरअसल पिछले सात दिनों से चल रहे शंभू रेलवे स्टेशन पर धरने की वजह से अब 926 ट्रेनों को या तो कैंसिल कर दिया गया है या फिर उनका रुट बदले गए हैं। ऐसे में पंजाब की ओर जाने वाली ज्यादातर ट्रेनों को रद्द किया गया है। किसान पिछले सात दिनों से शंभू रेलवे ट्रैक पर बैठे हैं। किसानों का आरोप है कि आश्वासन के बावजूद हरियाणा सरकार की ओर से उनके सहयोगी किसानों को रिहा नहीं किया गया है। इसी वजह से मजबूरन उन्हें रेलवे ट्रैक पर बैठकर धरना देना पड़ रहा है। शंभू रेलवे स्टेशन पर किसानों के धरने की वजह से अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर काम करने वाले कुली भूखे मरने की कगार पर पहुंच गए हैं। ट्रेनों की आवाजाही कम होने की वजह से अब उन्हें काम नहीं मिल रहा है। पिछले सात दिनों सके ज्यादातर कुली बेरोजगार हो गए हैं।कुलियों का कहना है कि ट्रेनों की संख्या कम होने से अब उन्हें अपना परिवार भी पालना मुश्किल हो गया है। धरने की वजह से ज्यादातर ट्रेनें कैंसिल हो गई हैं। जो ट्रेनें आ रही हैं उनके यात्री भी उनकी सेवाएं नहीं ले रहे हैं। कुलियों ने कहा कि अगर धरना ऐसे ही चलता रहा तो उनका रोजगार पूरी तरह से खत्म्‍हो जाएगा। ऐसे में उनके परिवार भूखे मर जाएंगे। कुलियों ने केंद्र सरकार से मामले में हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है ताकि उनके आर्थिक संकट को खत्म किया जा सके।



अंबाला। रेलवे ट्रैक पर जमे किसान।

### सेवानिवृत्त कर्मियों को राहत देने की तैयारी

- सरकार तीन सप्ताह में हाईकोर्ट में सौंपेगी रिपोर्ट

**चंडीगढ़।** सूबे के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को जल्द ही राहत मिलने की उम्मीद है, जो सेवानिवृत्ति और पेंशन संबंधी लाभ पाने के लिए वर्षों से जूझ रहे हैं। मानव संसाधन विभाग ने सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, बोर्ड-निगमों के प्रबंध निदेशक और मुख्य प्रशासक, मंडलायुक्तों और उपायुक्तों से एक सप्ताह में सेवानिवृत्ति लाभ और पेंशन के लंबित सभी मामलों की जानकारी देने को कहा है। हाई कोर्ट पहले ही आदेश जारी कर चुका है कि सेवानिवृत्ति लाभ और पेंशन के लंबित मामलों की सुनवाई प्रतिदिन होगी। संबंधित विभागों ने विभिन्न कारणों से उनकी पेंशन सहित अन्य लाभ रोके हुए हैं। कुछ मामले तो 20 वर्षों से अधिक समय से लंबित हैं जिनमें कुछ मामलों में कर्मचारियों की मृत्यु हो चुकी है और उनके परिजन बकाया पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सरकार को तीन सप्ताह में यह रिपोर्ट हाई कोर्ट को सौंपनी है।

### आचार संहिता में चेयरमैनों के इस्तीफों का दौर शुरू

**चंडीगढ़।** आखिरकार जजपा में इस्तीफों का दौर थमता नजर नहीं आ रहा है। अब जजपा नेता और जजपा विधायक ईश्वर सिंह के बेटे रणधीर सिंह ने पार्टी और चेयरमैन पद से इस्तीफा दे दिया है। सूबे की नायब सरकार के आदेशों पर जजपा कोटे में चेयरमैन बने नेताओं का इस्तीफा देने का सिलसिला भी शुरु हो गया है। इस क्रम में मंगलवार को हरियाणा डेयरी डेवलपमेंट कोआपरेटिव फेडरेशन चेयरमैन रणधीर सिंह ने मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर को इस्तीफा सौंप दिया। रणधीर का कार्यकाल 6 माह यानी अक्टूबर तक बचा था। रणधीर जजपा के गुहला से विधायक ईश्वर सिंह के बेटे हैं। उन्हें करीब अढ़ाई वर्ष पहले चेयरमैन नियुक्त किया था। रणधीर ने जजपा की प्राथमिक सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया है। चर्चा है कि वह जल्द ही पूर्व केंद्रीय मंत्री सैलजा की अगुवाई में कांग्रेस पार्टी का दामन थाम सकते हैं। रणधीर सिंह के पिता विधायक ईश्वर सिंह पहले ही जजपा से बागी हो चुके हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि पिता-पुत्र दोनों ही कांग्रेस में वापसी करेंगे। वहीं जजपा के दूसरे चेयरमैन पवन खरखौदा व अन्य के भी जल्द इस्तीफा देने की चर्चाएं हैं।

### भ्रामक विज्ञापन किया प्रकाशित हरेरा ने लगाया 50 लाख जुर्माना

**चंडीगढ़।** हरियाणा रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (हरेरा), गुरुग्राम ने एक रियल एस्टेट कंपनी द्वारा समाचार पत्र में भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने पर 50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। गुरुग्राम स्थित रियल एस्टेट प्रमोटर "कंट्रीवाइड प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड" ने अपने "ग्रीन ओक्स" प्रोजेक्ट से सबंधित एक विज्ञापन गत 2 मार्च को एक अंग्रेजी दैनिक अख़बार में प्रकाशित करवाया था। इस विज्ञापन में भ्रामक जानकारी के कारण हरेरा ने प्रमोटर को कारण बताओ नोटिस भेजकर जवाब मांगा था। हरेरा ने पाया कि प्रमोटर ने विज्ञापन में अनिवार्य प्रावधानों के बावजूद उचित तरीके से विवरण नहीं दिया।






# एसईआईएए में रफ्तार पकड़ेगा कामकाज

- पारदर्शिता के साथ समयबद्ध तरीके से होगा काम : दास

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

आखिरकार स्टेट एनवायरमेंट इम्पैक्ट असेसमेंट अथॉरिटी (एसईआईएए) में बतौर चेयरमैन कमान संभाल चुके पूर्व आईएएस अधिकारी पीके दास का कहना है कि अथॉरिटी के कामकाज में पारदर्शिता, समयबद्ध तरीके से लंबित मामलों का निस्तारण करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। इसके साथ ही उनका यह भी कहना है कि पर्यावरण संबंधी दिशा निर्देशों और शर्तों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई भी होगी।

(एसईआईएए) अथॉरिटी की बीत सप्ताह कमान संभाल चुके पीके दास ने अथॉरिटी का चेयरमैन पद काफी दिनों से खाली होने के कारण पर्यावरण मंत्रालय (दिल्ली) भेजे गए मामलों को कमान संभालने के बाद वापस मंगा लिया गया है। इस तरह के 45 लंबित मामलों और प्रोजेक्ट को लेकर जल्द ही प्रक्रिया तेज हो जाएगी। दरअसल, पूर्व आईएएस समीरपाल सरो द्वारा इस्तीफा दिए जाने के बाद से यह पोस्ट खाली पड़ हुई थी। जिस कारण से 45 मामलों से जुड़ी फाइल भारत सरकार पर्यावरण मंत्रालय को भेज दिए गए थे। हम समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से कामकाज करेंगे लेकिन पर्यावरण के साथ में खिलवाड़ और अथॉरिटी के दिशा निर्देशों को नहीं मानने वालों के साथ में सख्ती से निपटा जाएगा।

### क्लीयरेंस बिना प्रोजेक्ट नहीं

वैसे, अथॉरिटी को भारत सरकार पर्यावरण मंत्रालय की ओर से विशेष पावर दी गई है। भले ही डिस्टलरी हो या फिर रीयल एस्टेट, भवन निर्माण, नए प्रोजेक्टस, इंडस्ट्रीयल, हाउसिंग प्रोजेक्ट्स, पावर प्लांट्स सभी मामलों में पर्यावरण क्लीयरेंस जांच पड़ताल और विशेषज्ञों की राय के बाद यहां से दी जाती हैं। अथॉरिटी के पास विशेषज्ञों की टीम और हरियाणा प्रदुषण नियंण बोर्ड से जुड़े विशेषज्ञों से भी इस बारे में राय ली जाती है।अथारिटी की बिना अप्रूवल के एनओसी नहीं मिल सकती।

### बिजली निगमों की कमान संभाल चुके दास

सेवानिवृत्त होने के बाद पूर्व आईएएस पीके दास ने हरियाणा पावर यूटिलिटीज में बतौर चेयरमैन कमान संभाल ली थी। जनहित और उपभोक्ताओं के हितों के साथ साथ दास ने निगमों में उल्लेखनीय काम किया। वैसे, बतौर एफसीआर और एसीएस पावर रहते हुए भी बिजली निगमों की कमान भी बतौर चेयरमैन पीके दास के पास में रही थी।

हरियाणा सरकार

चुनाव से सम्बन्धित शिकायतों के लिए नियंत्रण कक्ष

चुनाव का पर्व DESH KA GARV LOK SABHA ELECTION 2024

शराब की अवैध आवाजाही या शराब की अवैध बिक्री के संबंध में

लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान शराब की अवैध आवाजाही से संबंधित मामलों के समाधान के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है

नियंत्रण कक्ष संचालन

प्रातः 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक सम्पर्क करें

टोल-फ्री : 18001022012

0172-4112222

Email: helpdesk/haryanatax.gov.in

आप कैसे मदद कर सकते हैं?

हम प्रत्येक नागरिक को चुनावी प्रक्रिया की शुचिता को बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। यदि आप हरियाणा राज्य में शराब की कोई अवैध आवाजाही या शराब की अवैध बिक्री देखते हैं या संदेह करते हैं, तो कृपया हमारे नियंत्रण कक्ष से सम्पर्क करने में संकोच न करें।

आपकी जानकारी कारगर सिद्ध हो सकती है!

आपकी सतर्कता, हमारी ताकत

1950 Voter Helpline

Download and Apply through Voter Helpline App

Log on to www.voterportal.eci.gov.in

आबकारी एवं कराधान विभाग, हरियाणा

सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा

www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 7 | 1 | 14 |
| कोलकाता | 7 | 5 | 2 | 10 |
| हैदराबाद | 7 | 5 | 2 | 10 |
| लखनऊ | 8 | 5 | 3 | 10 |
| चेन्नई | 8 | 4 | 4 | 8 |
| गुजरात | 8 | 4 | 4 | 8 |
| मुंबई | 8 | 3 | 5 | 6 |
| दिल्ली | 8 | 3 | 5 | 6 |
| पंजाब | 8 | 2 | 6 | 4 |
| बेंगलोर | 8 | 1 | 7 | 2 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
379 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
13 विकेट
मुंबई

## खबर संक्षेप

### मुंबई सिटी एफसी व एफसी गोवा के बीच सेमीफाइनल आज

**मुंबई।** इंडियन सुपर लीग ने कहा कि चार मई को होने वाला 2023-24 सत्र का फाइनल खिताबी मुकाबले में पहुंचने वाली दोनों टीम में से उस टीम के घरेलू मैदान पर खेला जाएगा जो लीग चरण में बेहतर रैंकिंग वाली टीम थी। आज 24 अप्रैल को मुंबई सिटी एफसी की टीम गोवा में एफसी गोवा के खिलाफ अपने सेमीफाइनल मैच का पहला चरण खेलेगी। मोहन बागान ने 15 अप्रैल को मुंबई सिटी एफसी को रोमांचक मुकाबले में हराकर लीग शील्ड जीती जबकि एफसी गोवा की टीम तीसरे स्थान पर रही। अब कोलकाता, मुंबई और गोवा आईएसएल फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल की मेजबानी की दौड़ में हैं। स्थान की पुष्टि होने के बाद मैच के टिकटों की बिक्री शुरू की जाएगी।

### सेविला के खिलाफ हार के बाद मालोर्का की मुश्किलें बढ़ी

**सेविले (स्पेन)।** सेविला के खिलाफ स्पेनिश लीग में सोमवार को 1-2 की हार के बाद मालोर्का की मुश्किलें बढ़ गई हैं और टीम पर निचली लीग में खिसकने का खतरा मंडरा रहा है। लीग तालिका की निचली तीन टीम रेलीगेशन का सामना करेंगी और मालोर्का अभी सेल्टा विगो के साथ संयुक्त रूप से निचली चौथी टीम है। दोनों टीमों के नीचे से तीसरे स्थान पर चल रहे केडिज से छह अंक अधिक हैं जबकि चार दौर खेले जाने बाकी हैं। मालोर्का को रविवार को केडिज का सामना करना है। इस जीत से सेविला की टीम 37 अंक के साथ 12वें स्थान पर पहुंच गई है और उसका एक और साल शीर्ष लीग ला लीगा में खेलना लगभग तय हो गया है।

## गायकवाड के शतक पर भारी पड़ी मार्कस की पारी, लखनऊ छह विकेट से जीता

# स्टोइनिस की शतकीय पारी से एलएसजी ने सीएसके को हराया

63 बॉल पर नाबाद 124 रन बनाए

भाषा चेन्नई



मार्कस स्टोइनिस की 63 गेंद में नाबाद 124 रन की पारी के दम पर लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में मंगलवार को यहां चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) को तीन गेंद शेष रहते छह विकेट से हराया। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ के नाबाद शतक और शिवम दुबे के साथ चौथे विकेट के लिए 46 गेंद में 104 रन की शानदार साझेदारी से चेन्नई ने चार विकेट पर 210 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया था लेकिन एलएसजी ने 19.3 ओवर में चार विकेट पर 213 रन बना कर यादगार जीत दर्ज की। सीएसके के लिए गायकवाड़ ने 60 गेंद की नाबाद पारी में 12 चौके और तीन छक्के लगाये दुबे ने 27 गेंद की ताबड़तोड़ पारी में सात छक्के और तीन चौके लगाये। दोनों की शानदार साझेदारी से टीम पावर प्ले में धीमी बल्लेबाजी (दो विकेट पर 49) से उबरने में सफल रही। मैन ऑफ द मैच स्टोइनिस ने 63 गेंद की नाबाद पारी में 13 चौके और छह छक्के लगाकर लक्ष्य का पीछा करते हुए आईपीएल का सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर बनाया। इसके साथ ही चेन्नई के मैदान में सफलतापूर्वक लक्ष्य का पीछा करते हुए एलएसजी ने सबसे बडा स्कोर बनाया। स्टोइनिस को आखिरी ओवरों में निकोल्स पूरन (15 गेंद में 35 रन) और दीपक हुड्डा (छह गेंद में नाबाद 17 रन) का अच्छा साथ मिला जिससे एलएसजी ने अपनी पारी के आखिरी 5.3 ओवर में 87 रन जुटाये। लक्ष्य का बचाव करते हुए दीपक चाहर(11 रन पर एक विकेट) ने पहले ओवर में क्विंटन डिकॉक को खाता खोले बिना बोल्ड किया। लोकेश राहुल ने तुषार देशपांडे के खिलाफ छक्का जड़ा लेकिन मुस्ताफिजूर रहमान (51 रन पर एक विकेट) ने उनकी 16 रन की पारी पर विराम लगाया।

**चेन्नई-210/4 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| अजिंक्या का राहुल बो हेनरी | 01 |
| ऋतुराज गायकवाड़ नाबाद | 108 |
| मिचेल का हुड्डा बो यश ठाकुर | 11 |
| जडेजा का राहुल बो मोहसिन | 17 |
| शिवम दुबे रन आउट | 66 |
| महेंद्र सिंह धोनी नाबाद | 04 |

अतिरिक्तः 03
कुल योगः (20 ओवर में चार विकेट पर) 210 रन
विकेट पतनः 1-4, 2-49, 3-101, 4-205
गेंदबाजीः हेनरी 4-0-28-1, मोहसिन 4-0-50-1, बिश्नोई 2-0-19-0, यश ठाकुर 4-0-47-1, स्टोइनिस 4-0-49-0, कृणाल 2-0-15-0

**लखनऊ-213/4 (19.3)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| क्विंटन डिकॉक बो चाहर | 00 |
| राहुल का गायकवाड़ बो रहमान | 06 |
| मार्कस स्टोइनिस नाबाद | 124 |
| पडिक्कल बो पथिराना | 13 |
| पूरन का शारदुल बो पथिराना | 34 |
| दीपक हुड्डा नाबाद | 17 |

अतिरिक्तः 09
कुल योगः (19.3 ओवर में चार विकेट पर) 213 रन
विकेट पतनः 1-0, 2-33, 3-88, 4-158
गेंदबाजीः चाहर 2-0-11-1, देशपांडे 3-0-34-0, रहमान 3.3-0-51-1, शारदुल 3-0-42-0, मोईन 2-0-21-0, जडेजा 2-0-16-0, पथिराना 4-0-35-2

### दिल्ली और टाइटंस के बीच आज भिड़ंत

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 40वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स का सामना गुजरात टाइटंस से आज 24 अप्रैल को अरुण जेटली स्टेडियम में होगा। जीटी ने इस सीजन में 8 में से 4 मैच जीते हैं और फिलहाल अंक तालिका में छठे पायदान पर हैं। इसी तरह 8वें स्थान पर मौजूद डीसी ने 8 में से 3 मैचों में जीत दर्ज की हुई है। इस बीच दोनों टीमों के एक-दूसरे के खिलाफ प्रदर्शन पर एक नजर डालते हैं। आईपीएल में दोनों टीमें 4 मैचों में आपस में भिड़ी हैं, जिसमें से 2 मैच जीटी ने जीते हैं और 2 मुकाबलों में डीसी को भी सफलता मिली है। इस सीजन दोनों टीमों के बीच यह दूसरी भिड़ंत है। पहले मुकाबले में डीसी को 6 विकेट से जीत मिली थी। जीटी उस मुकाबले में सिर्फ 89 रन पर ऑलआउट हुई थी। आईपीएल 2023 में दोनों टीमें 2 मैचों में आमने-सामने थी, जिसमें से 1-1 मैच दोनों टीमों ने जीते थे।

### बोल्ट आईपीएल में पहले ओवर में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले गेंदबाज बने

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 38वें मैच में राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने मुंबई इंडियंस के पहले ओवर में विकेट चटकाते हुए बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया है। उन्होंने पहले ओवर की 5वीं गेंद पर रोहित शर्मा (6) को पवेलियन की राह दिखाई। इसके साथ ही वह आईपीएल इतिहास में पहले ओवर में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले गेंदबाज बन गए हैं।

खास खबर

## भारत की नंबर एक टेबल टेनिस खिलाड़ी बनी श्रीजा



**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों की मिश्रित युगल चैंपियन श्रीजा अकुला मंगलवार को नवीनतम आईटीटीएफ रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 38वें स्थान पर पहुंची और मनिका बत्रा को पछाड़कर शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बन गईं।
नवीनतम रैंकिंग में श्रीजा को एक स्थान का फायदा हुआ जबकि पिछले कुछ समय से भारत की नंबर एक टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका दो स्थान के नुकसान से 39वें पायदान पर खिसक गईं। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ 16 मई तक उस समय की विश्व रैंकिंग के आधार पर पुरुष और महिला एकल में दो एकल खिलाड़ियों की प्रविष्टियों पर फैसला करेगा।

### स्पेन की महिला फुटबॉल टीम को लॉरेस पुरस्कार

**मैड्रिड।** पिछले साल पहली बार महिला फुटबॉल विश्व कप जीतने वाली स्पेन की टीम को सोमवार को लॉरेस विश्व खेल पुरस्कारों में दो और पुरस्कार मिले। स्पेन की महिला फुटबॉल टीम को 2023 के लिए दुनिया की साल की सर्वश्रेष्ठ टीम चुना गया जबकि मिडफील्डर एताना बोनमाती को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। समारोह का आकर्षण नोवाक जोकोविच रहे जिन्हें साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। अमेरिका की जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स को वापसी करने वाली सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया।



## आईपीएल 2024: हार्दिक ने मुंबई इंडियंस के लिए खेले 100 मुकाबले

एजेंसी ⏭ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 का 38वां मुकाबला मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेला गया। हालांकि इस मुकाबले में एमआई हार गई। इस मुकाबले में एमआई के कप्तान हार्दिक पांड्या ने बड़ी उपलब्धि हासिल की। वह एमआई के लिए 100 मुकाबले खेलने वाले 7वें खिलाड़ी बने हैं। हालांकि, उनके लिए यह मैच कुछ खास नहीं रहा। 100वें मैच में इस खिलाड़ी ने 10 रन बनाए और गेंदबाजी में 2 ओवर में 21 रन खर्च कर दिए।



### ये खिलाड़ी हैं सबसे ज्यादा मुकाबले खेलने वाले

मुंबई इंडियंस के लिए पूर्व कप्तान रोहित शर्मा सबसे ज्यादा मुकाबले खेलने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 215 मैच खेले हैं। किरोन पोलार्ड (211) दूसरे स्थान पर हैं। इसी तरह हरभजन सिंह (158), लसिथ मलिंगा (139), अंबाती रायडू (136) और जसप्रीत बुमराह (131) मुंबई के लिए 100 से ज्यादा मुकाबले खेलने वाले अन्य खिलाड़ी हैं। सूर्यकुमार यादव ने एमआई के लिए 92 मैच खेले हैं। पूर्व दिग्गज सचिन के नाम 91 मुकाबले हैं।

## आशी, स्वप्निल ने थ्रीपी ट्रायल में शीर्ष स्थान किया हासिल, दोहा में ट्रैप निशानेबाज लड़खड़ाए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आशी चौकसी और स्वप्निल कुसाले मंगलवार को यहां राइफल/पिस्टल के लिए ओलंपिक चयन ट्रायल के क्वालीफिकेशन में क्रमशः महिलाओं और पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में पहले स्थान पर रहे। आशी ने महिलाओं की थ्रीपी ओएसटी में विश्व स्तरीय 590 का स्कोर बनाया और विश्व रिकॉर्ड धारक सिफ्ट कौर समरा (583) को दूसरे स्थान पर धकेल दिया। तोक्यो ओलंपियन अंजुम मोदगिल 581 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं, जबकि पेरिस कोटा धारक श्रीयंका सदांगी 575 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहीं।





### स्वप्निल ने दूसरों को छोड़ा पीछे

पुरुषों के थ्रीपी वर्ग में कड़ा मुकाबला देखने को मिला जहां स्वप्निल ने पहले 'नीलिंग और प्रोन पोजीशन' में 199 के दो शानदार स्कोर के साथ दूसरों को पीछे छोड़ा। उन्होंने कुल 592 अंक बनाये। सेना के अनुभवी चैन सिंह 591 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि अखिल श्योराण प्रोन में 200 अंक के बावजूद 589 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

### भारत के ट्रैप निशानेबाज दौड़ से बाहर

इस बीच दोहा में खेली जा रही ओलंपिक क्वालीफाइंग चैंपियनशिप से भारत के ट्रैप निशानेबाज मंगलवार को दौड़ से बाहर हो गए। पुरुषों के ट्रैप में पृथ्वीराज टोंडिमान 119 अंक के साथ 23वें स्थान पर रहे। विवान कपूर 56वें (116 अंक) और जोरावर सिंह संधू निराशाजनक 82वें (114 अंक) स्थान पर रहे। महिलाओं की ट्रैप प्रतियोगिता में मनीषा कीर 111 अंकों के साथ 37वें स्थान पर सर्वश्रेष्ठ भारतीय थीं, जबकि नीरू 55वें (107 अंक) और श्रेयसी सिंह 56वें (106 अंक) पायदान पर रही।

## आरआर के संदीप शर्मा ने आईपीएल में पहली बार चटकाए 5 विकेट

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 38वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज संदीप शर्मा ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट अपने नाम किए। उन्होंने अपने आईपीएल करियर में पहली बार यह कारनामा किया है। इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/20 का रहा था। यह खिलाड़ी चोटिल होने के कारण पिछले कुछ मुकाबलों से बाहर था। संदीप ने दोबारा मिले मौके का फायदा हुआ और मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजों को टिकने का कोई मौका नहीं दिया। संदीप ने मैच में 4 ओवर गेंदबाजी की और सिर्फ 18 रन खर्च करते हुए 5 विकेट झटके। उनकी इकॉनमी रेट सिर्फ 4.50 की रही। उन्होंने ईशान किशन (0), सूर्यकुमार यादव (10), तिलक वर्मा (65), टिम डेविड (3) और गेराल्ड कोएत्जी (0) को अपना शिकार बनाया।


## हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना 2023 के विजेताओं के नाम

### सुनिश्चित पुरस्कार

101. मीनू शर्मा सुपुत्री श्री बी.एल. शर्मा 509 ए, कालका, पिंजौर, पंचकुला पिन 134102, 102. पंजाब सिंह सुपुत्र श्री लहरी सिंह, म.नं. 1337 अर्बन स्टेट, जींद 126102 , 103. सुरेंद्र कुमार सुपुत्र श्री वेद प्रकाश 1488 पंजाबी मार्केट रेवाड़ी 123401, 104. बिजेंद्र सिंह सुपुत्र मियान सिंह सेक्टर -1, 900 दूसरी मंजिल, रोहतक 124001, 105. पूजा मोरेरिया सुपुत्री श्री राजकुमार, केशवनगर, वार्ड नं. 3 नारनौल, महेंद्रगढ़ 123001, 106. कुलदीप सिंह सुपुत्र नन्दराम गौतम, वार्ड नं. 5, हरिनगर लाइनपार, बहादुरगढ़, झज्जर 124507, 107. जगबीर सिंह सुपुत्र जयलाल गली नं. 11 रामगोपाल कॉलोनी, रोहतक 124001, 108. सिद्धि बंसल सुपुत्री रामानंद बंसल जैन साड़ी मोहल्ला रोहतक 124001, 109. प्राची सुपुत्री संदीप कुमार गांव व डा. दुबलधन धिक्यान बेरी झज्जर 124202, 110. फतेचंद सुपुत्र मूलचंद, पताः गांव भडफ, कनीना पिनः 123001, 111. मनोज कुमार सुपुत्र श्री बलवान सिंह गांव चिमनी तहसील बेरी, झज्जर 124412, 112. राजकपूर सुपुत्र श्री टेकचंद गांव शिमली डाक मायना, रोहतक 124001, 113. नीरज कुमार सुपुत्र सुरेंद्र सिंह 780/34 हरीसिंह कॉलोनी रोहतक 124001, 114. कोमल बंसल सुपुत्र सतीश बंसल वार्ड नं. 6 दिवान गेट झज्जर 124103, 115. सुरेंद्र सुपुत्र लाला राम गांव बत्वा, कनीना तहसील कोसली, रेवाड़ी 123301, 116. पवन अहलावत सुपुत्र खजान सिंह म.नं. 1724 सैक्टर-1 हाउसिंग बोर्ड, रोहतक 124001, 117. सोनिया देवी पत्नी यशवीर सिंह गांव व डा. तुम्बोड़ी, झज्जर 124109, 118. कुलवंत सिंह सुपुत्र श्री होशियार सिंह गांव मिलकपुर, नारनौंद, हिसार 125039, 119. ओमप्रकाश सुपुत्र लक्खीराम गांव बिरधाना, झज्जर 124102, 120. खुशी चतुर्वेदी सुपुत्री टीकाराम मोहल्ला चतुर्वेदी बावल रेवाड़ी, 121. बरखा गिरधर सुपुत्री पुरण कुमार सुभाष नगर, रोहतक 124001, 122. सुनीता पत्नी सुधीर गांव खेड़ा तहसील कनीना महेंद्रगढ़ 123034, 123. प्रथम सुपुत्र सुधीर गांव खेड़ा तहसील कनीना महेंद्रगढ़ 123034, 124. दीपशिखा सुपुत्री उमेश कुमार 1833/11 डेयरी मोहल्ला रोहतक 124001, 125. दीपक सैनी सुपुत्र राजाराम सैनी, नागंल चौधरी पिन 123023, 126. राकेश कुमार सुपुत्र श्री सुभाष चंद्र राजेंद्र कॉलोनी, भिवानी चुंगी, रोहतक 124001, 127. हिमांशु सुपुत्र केशव सैनी पताः शास्त्री कॉलोनी पास में हुड्डा पार्क , 128. गौरव शर्मा सुपुत्र संजय शर्मा पताः कनीना वार्ड न. 3 , 129. पूजा सुपुत्री संजय जैन साड़ी मोहल्ला रोहतक 124001, 130. पवन कुमार सुपुत्र सूरजभान गोपाल कॉलोनी पुराने सदर थाने के पास, रोहतक 124001, 131. बलवान सिंह प्रजापत सुपुत्र स्व. श्री चंदगी राम गांव चिमनी, बेरी, झज्जर 124412, 132. मोहित सुपुत्र श्री चांदराम म.नं. 1481/1 सूर्य नगर रोहतक 124001, 133. दीपक सिंह गांव व डाक रतनगढ़, सोनीपत 131001, 134. तरूण सुपुत्र श्री सत्यप्रकाश मं.नं. 1782 गली नं. 4 निजामपुर रोड, बहादुरगढ़, झज्जर, 135. दयानंद सैनी सुपुत्र शेर सिंह म.नं. 1103/8 चमनपुरा रोहतक 124001, 136. अयान जाखड़ सुपुत्र मनीष जाखड़ गांव धनीरवास, साल्हावास, झज्जर 124146, 137. रणबीर सिंह सुपुत्र श्री राम गांव व डा . तुम्बाहेड़ी झज्जर 124109, 138. हितेश रतवाया सुपुत्र मुनीष रतवाया 1338/5 पीर वाली गली, कबीर कॉलोनी, जींद रोड, रोहतक 124001, 139. कशिश चौधरी सुपुत्र अशोक नागल के.आ . कर्नल लखीराम म.नं. 562/19 आर्य नगर, झज्जर 124103, 140. अंशु सुपुत्री श्री अशोक गांव व डा. हथवाला तहसील जुलाना, जींद 126101, 141. भूप सिंह सुपुत्र मिठूराम दुबलधन धिक्याण बेरी, झज्जर 124202, 142. भावेश सुपुत्र अवनीत, लडायन, मातनहेल, झज्जर, 124146, 143. तेजस्वी चाहर सुपुत्र अरती देवी गांव दुबलधन पाना विधान बेरी, झज्जर 124202, 144. रामेश्वर दत्त शर्मा सुपुत्र श्री परसराम 19/151 गली नं. 1 नई बस्ती बहादुरगढ़, झज्जर 124507, 145. वर्षा सुपुत्री ओमप्रकाश 3276/24 भटनागर कॉलोनी गली नं. 9 जींद 126102, 146. श्री दीपक सुपुत्र श्री श्यामलाल, गांव पिपली, तह. खरखौदा, सोनीपत, 147. अन्नू सुपुत्री अशोक गांव व डा. बलियाना, रोहतक , 148. लक्ष्मी देवी सुपुत्री राजोदेवी गांव बिरड़, मातनहेल, झज्जर 124146, 149. श्री निशा धर्रा सुपुत्री श्री राजेश, गांव भैंसवाल कलां, तह. गोहाना, सोनीपत, 150. विजय सुपुत्र होशियार सिंह गांव व डा. गतौली, तहसील जुलाना, जींद 126101,

शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

**आवश्यक सूचना :**

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 10 मई से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 5 तक के हरियाणा के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 6 से 10 एवं गारंटी उपहार के हरियाणा के विजेताओं को सम्बन्धित हरिभूमि कार्यालय / सम्बन्धित अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. 20,000 या 20,000 से अधिक मूल्य के पुरस्कार पर पाठक को टी.डी.एस. के रूप में 30% का भुगतान जमा करना होगा।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतु साथ में लाना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रातः 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :-
फोन : 9253681019, 9253681020


## टोरंटो में भारतीय भूचाल

# गुकेश की जीत विश्व शतरंज में बड़ा बदलाव



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रूस के महान शतरंज खिलाड़ी गैरी कास्परोव ने विश्व चैंपियनशिप के लिए चुनौती पेश करने वाला सबसे युवा खिलाड़ी बनने के लिए भारत के किशोर ग्रैंडमास्टर डी गुकेश की सराहना करते हुए कहा कि 'टोरंटो में भारतीय भूचाल' आया और यह जीत विश्व शतरंज में बड़े बदलाव का संकेत है। सत्रह साल के गुकेश ने 40 साल पहले कास्परोव के बनाए रिकॉर्ड को तोड़ा। रूसी का यह खिलाड़ी जब 22 वर्ष का था तब उन्होंने 1984 में विश्व खिताब के लिए हमवतन अनातोली कारपोव से भिड़ने के लिए क्वालीफाई किया था और वह उस समय के सबसे कम उम्र के चैलेंजर बन गए थे।

### भारत में शतरंज संस्कृति का जन्म : आनंद



पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने भारत में शतरंज संस्कृति को जन्म दिया और देश इस ग्रैंडमास्टर की सफलता का लाभ उठा रहा है जिसमें हजारों युवा शतरंज को अपना रहे हैं। कास्परोव ने भारतीय शतरंज में आनंद के योगदान को स्वीकार करते हुए कहा, "विशी आनंद के 'बच्चे' छाए हुए हैं।" कास्परोव यहां गुकेश की सफलता के बाद ग्रैंड चेस टूर के बधाई ट्वीट का जवाब दे रहे थे।

**कास्परोव ने लिखा- टोरंटो में भारतीय भूचालः** कास्परोव ने अतीत में रूस के दबदबे का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए 'एक्स' पर लिखा, "बधाई हो! टोरंटो में भारतीय भूचाल शतरंज की दुनिया में बदलाव का संकेत है क्योंकि 17 वर्षीय डी गुकेश सर्वोच्च खिताब के लिए चीन के चैंपियन डिंग लिरेन का सामना करेंगे।

### कास्परोव ने की थी शतरंज संघ की स्थापना

कास्परोव शतरंज फाउंडेशन ने इस लहर को बढ़ते देखा है और गुकेश की सफलता इसे और ऊपर उठाएगी।" अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के साथ विवाद के बाद कास्परोव ने एक प्रतिद्वंद्वी संगठन पेशेवर शतरंज संघ की स्थापना की थी। वह 1984 से 2005 में नियमित प्रतिस्पर्धी शतरंज से संन्यास लेने तक कुल मिलाकर रिकॉर्ड 255 महीनों के लिए विश्व में नंबर एक खिलाड़ी रहे।


भारतीय थल सेना
JOIN INDIAN ARMY AS AN OFFICER
www.joinindianarmy.nic.in

अधिकारी प्रविष्टि

तकनीकी स्नातक कोर्स (टी जी सी–140) (जनवरी 2025 में निर्धारित) के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

आवेदन 10 अप्रैल 2024 से 09 मई 2024 तक खुले रहगें।

OFFICER ENTRY

Online applications are invited for Technical Graduate Course (TGC-140) (scheduled in Jan 2025).

Applications open from **10 Apr 2024** to **09 May 2024**.

नोट :
1. सेना में भर्ती पूर्णतया पारदर्शी और मुफ्त है। दलालों से सावधान रहें।
2. विस्तृत नोटिफिकेशन के लिए, कृपया www.joinindianarmy.nic.in पर जाएं।

**Note** :
1. Recruitment in the Army is totally transparent and free. Beware of touts.
2. For detailed Notification, please visit www.joinindianarmy.nic.in

CBC 10601/11/0002/2425

## चिंतन

# दलबदल कानून मजबूत हो 'फ्रीबिज' पर प्रतिबंध लगे

अभी जब देश में आम चुनाव हो रहे हैं, तो इस दरम्यान पूर्व उपराष्ट्रपति व पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित एम. वेंकैया नायडू ने दो मौजूं विषय उठाए हैं। नायडू ने कहा कि दलबदल कानून को और मजबूत किया जाना चाहिए और चुनाव में मुफ्त उपहार (फ्रीबिज) खत्म होना चाहिए। संयोग से भारतीय लोकतंत्र इन दोनों सिंड्रोम से ग्रसित है। दलबदल कानून का सहारा लेकर चुनाव के बाद सरकारें बन रही हैं, सरकारें गिर रही हैं। सत्ता की सियासत में राजनीतिक नैतिकता और दलगत प्रतिबद्धता गौण होती जा रही हैं। जनप्रतिनिधि चंद लालच में दल बदलने को तैयार हो जाते हैं। जनप्रतिनिधियों का दलबदल करना मतदताओं के साथ कितना बड़ा विश्वासघात है। दुर्भाग्य की बात है कि दलबदल के खेल में सभी दल शामिल हैं। हाल के वर्षों में बड़े-बड़े दलबदल कर सत्ता बदली है, चुनी हुई सरकार गिरी है, नहीं सरकार बनी है। इस बाबत वेंकैया नायडू का सुझाव काबिलेगौर है। । हमें दलबदल रोधी कानून को मजबूत करना चाहिए। चिंता की बात यह है कि अब सार्वजनिक जीवन में मानकों में गिरावट आ रही है। राजनीतिक दलों में, लोग अक्सर अपनी पार्टियां बदलते हैं। नवीनतम प्रवृत्ति यह है कि लोग सुबह एक पार्टी में होते हैं और शाम को दूसरी पार्टी में शामिल हो जाते हैं और फिर वे अपने नेता की आलोचना करते हैं और दाएं-बायें बातें कहते हैं, उनमें से कुछ को टिकट मिलने में भी वरीयता मिलती है। यह बहुत परेशान करने वाली प्रवृत्ति है और लोगों को इससे बचना चाहिए। लोगों को दलों में काम करना चाहिए और अपनी साख साबित करनी चाहिए। अगर कोई पार्टी बदलना चाहता है, तो उसे उस पार्टी द्वारा दिए गए पद से इस्तीफा दे देना चाहिए और उसके बाद ही दूसरी पार्टी में शामिल होना चाहिए। कोई भी समझ सकता है कि आरोप लगा रहे हैं, लेकिन जो हो रहा है वह आरोप नहीं बल्कि अनुचित व्यवहार है। इस समय देश में व्यापक दलबदल कानून है, जिसमें दल बदलने के लिए दो तिहाई संख्याबल चाहिए, लेकिन यह भी नाकाफी साबित हो रहा है। दलबदल की प्रवृत्ति पर रोक के लिए न्यायविदों से सुझाव लिया जा सकता है। कायदे से अगर कोई भी जनप्रतिनिधि चुनाव जीतने के बाद दल बदलना चाहता है, उसे फिर से जनादेश हासिल करने का प्रावधान होना चाहिए। दल बदलते ही उस जनप्रतिनिधि की सांसदी या विधायकी खत्म हो जानी चाहिए। चुनाव पूर्व गठबंधन, चुनाव बाद गठबंधन राजनीतिक कसौटी पर न्यायपूर्ण है, लेकिन जिस दल के नेता के रूप में मतदाताओं ने चुना है, उसे छोड़कर अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए दूसरे दल का दामन थामना, सीधे मतदाताओं के साथ धोखा है, वोटरों से विश्वासघात है। किसी के दल बदलते ही फिर से जनादेश पाने की अनिवार्यता होने से दलबदल की मौजूदा परिपाटी पर लगाम लग सकती है। नायडू ने चुनाव के दौरान मुफ्त के उपहार (फ्रीबिज) की घोषणाओं पर भी आपत्तति जताई है। हालांकि नायडू केंद्र में वर्षों तक उच्च पदों पर रहे हैं, तो उन्हें गंभीरता से ये मुद्दे पूर्व में उठाने चाहिए थे, लेकिन देर से ही सही, कम से कम फ्रीबिज को हानिकारक परिपाटी बता कर दलों को आईना जरूर दिखाया है। चुनाव में मतदाताओं को फ्रीबिज से लुभाने की चेष्टा अस्वस्थ प्रवृत्ति है। राज्य की वित्तीय स्थिति के अनुकूल योजनाएं लानी चाहिए। चुनाव घोषणा-पत्र वास्तविक होना चाहिए, उसमें किए वादे पूरे करने के संसाधन का रोडमैप होना चाहिए। चूंकि देश में चुनाव हो रहे हैं, इसलिए इन गंभीर राजनीतिक रोगों का स्थाई इलाज होना चाहिए। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र अगर है, तो हमें आदर्श लोकतंत्र बनाना चाहिए, लोकतंत्र की नैतिकता के उच्च मानक स्थापित करने चाहिए।

# तेज ग्रोथ के लिए अनुकूलन जरूरी



विश्लेषण
सतीश सिंह

कोरोना महामारी के शुरू होने के बाद से वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर धीमी बनी हुई है। हालांकि, इस मामले में भारत की स्थिति काफी बेहतर है। भले ही वैश्विक स्तर पर विकास दर धीमी रहेगी, लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर आगामी सालों में भी तेज बनी रहेगी। आईएमएफ ने विश्व आर्थिक आउटलुक रिपोर्ट में कहा है कि वित्त वर्ष 2024 और 2025 में भारत की विकास दर 6.5 प्रतिशत रह सकती है। उभरती अर्थव्यवस्थाओं में भारत सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाला देश बना रहेगा। सरकार की नीतियों की वजह से भारत में विकास की गति काफी तेज है और आगामी सालों में भी भारत में विकास दर के तेज बने रहने की संभावना है।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई की दर मार्च महीने में घटकर 10 महीनों के निचले स्तर 4.85 प्रतिशत पर आ गई, जो फरवरी महीने में 5.09 प्रतिशत और जनवरी में 5.1 प्रतिशत रही थी। हालांकि, खाद्य पदार्थों की खुदरा महंगाई 0.39 प्रतिशत कम होकर 8.27 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई। यह फरवरी महीने में 8.66 प्रतिशत रही थी। केंद्र सरकार ने आम चुनाव से पहले एलपीजी और पेट्रोल की कीमतों में कटौती की थी, जिसके कारण ईंधन एवं बिजली की कीमत में मार्च 2023 की तुलना में 3.24 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है।

खुदरा महंगाई बहुत ज्यादा चिंताजनक नहीं है, लेकिन यह अभी भी भारतीय रिजर्व बैंक के लक्ष्य 4 प्रतिशत से ऊपर है और इसी वजह से केंद्रीय बैंक ने विकास दर को स्थिर रखने के लिए ब्याज दरों में न तो बढ़ोतरी की है और न ही कटौती। साथ ही, द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षाओं में लगातार 7वीं दफा रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर यथावत रखा है। खाद्य महंगाई के ऊंचे स्तर पर रहने से आम लोगों को अभी भी राहत नहीं मिली है, क्योंकि खाद्य तेलों की कीमत में गिरावट का दौर मार्च में भी जारी है और मार्च 2023 के मुकाबले इसमें 11.72 प्रतिशत की नरमी आई है, लेकिन सब्जियों की कीमत में 28.34 प्रतिशत, दालों की कीमत में 17.71, मसालों की कीमत में 11.4,अनाजों की कीमत में 8.37, अंडों की कीमत में 10.33, मांस-मछलियों की कीमत में 6.36 और दूध की कीमत में 3.38 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कोरोना महामारी के शुरू होने के बाद से वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर धीमी पड़ गई है और कमोबेश सभी देश अभी भी महंगाई की समस्या से जूझ रहे हैं। हालांकि, मामले में भारत की स्थिति काफी बेहतर है। कुछ विकसित देशों में भी मंहगाई पहले से कम हुई है। अमेरिका में महंगाई के नरम रहने की संभावना की वजह से जून महीने में फेडरल रिजर्व बैंक नीतिगत ब्याज दरों में कटौती कर सकता है, जिससे निवेश के दूसरे विकल्पों में प्रतिफल कम हो जाएंगे, इसलिए निवेश से अधिक प्रतिफल मिलने की आस में लोग सोने में निवेश कर रहे हैं, जिससे सोने की कीमत में तेजी बनी हुई है। भारत में 12 अप्रैल को सोने की 10 ग्राम की कीमत बढ़कर 75,100 रुपये और चांदी की कीमत बढ़कर 85,500 रुपये किलो के स्तर पर पहुंच गई। फरवरी, 2024 में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर सालाना आधार पर 5.7 प्रतिशत बढ़ा, जो 4 महीनों में सबसे अधिक है। हालांकि, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) पर आधारित औद्योगिक उत्पादन फरवरी 2023 में 6 प्रतिशत बढ़ा था। आईआईपी का पिछला उच्चतम स्तर अक्टूबर, 2023 में 11.9 प्रतिशत दर्ज किया गया था, जो नवंबर में घटकर 2.5 प्रतिशत, दिसंबर में 4.2 प्रतिशत और जनवरी 2024 में 4.1 प्रतिशत के स्तर पर रहा था। वित्त वर्ष 2023-24 के अप्रैल से फरवरी महीने के दौरान, आईआईपी वृद्धि 5.9 प्रतिशत तक पहुंच गई, जो एक साल पहले 5.6 प्रतिशत रही थी। फरवरी महीने में खनन उत्पादन की वृद्धि दर बढ़कर 8 प्रतिशत हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 4.8 प्रतिशत रही




थी। फरवरी 2024 के दौरान उपभोक्ता टिकाउ वस्तुओं के उत्पादन में 12.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो फरवरी 2023 में 4.1 प्रतिशत रही थी। उल्लेखनीय है कि आईआईपी में वृद्धि आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने का सूचक है।

निजी मौसम पूर्वानुमान एजेंसी स्काईमेट ने 9 अप्रैल को कहा कि भारत में इस साल मानसून के सामान्य रहने की संभावना है। भारत के मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के वैज्ञानिकों का भी मानना है कि इस वर्ष देश में उत्तर पश्चिम, पूर्व और पूर्वोत्तर के हिस्सों को छोड़कर अधिकांश हिस्सों में जून से सितंबर महीने के दौरान दक्षिण-पश्चिम मानसून अवधि में सामान्य से अधिक बारिश हो सकती है। गौरतलब है कि ला नीना से मानसून परिसंचरण मजबूत होता है। स्काईमेट को दक्षिण, पश्चिम और उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों में अच्छी बारिश की उम्मीद है। इसके अनुसार, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के मानसून वर्षा आधारित क्षेत्रों में पर्याप्त वर्षा होगी, जबकि बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के पूर्वी राज्यों में जुलाई और अगस्त महीने के दौरान कम वर्षा होने का अनुमान है। साफ है अच्छे मानसून से विविध फसलों के उत्पादन में तेजी आएगी और महंगाई में कमी। विश्व बैंक के मुताबिक वित्त वर्ष 2024-25 में निवेश की धीमी गति रहने से विकास दर थोड़ी धीमी रहेगी। हालांकि, औद्योगिक उत्पादन व सेवा क्षेत्र मजबूत बने रहेंगे। रियल एस्टेट व निर्माण क्षेत्र में भी तेजी बनी रहेगी। मानसून के सामान्य से बेहतर रहने से महंगाई में भी गिरावट आने के आसार हैं। जीएसटी में वृद्धि से राजकोषीय घाटे और सरकारी कर्ज में कमी आने की संभावना है। विश्व बैंक के मुताबिक भारत की मजबूत विकास दर की वजह से अगले 2 सालों तक दक्षिण एशिया में विकास की गति तेज बनी रहेगी। वित्त वर्ष 2023-24 की अंतिम तिमाही का जीडीपी आंकड़ा जून महीने में जारी किया जाएगा, लेकिन फरवरी व मार्च महीने में सेवा व विनिर्माण क्षेत्र में तेजी को देखते हुए मार्च तिमाही में जीडीपी के 8 प्रतिशत से अधिक रहने का अनुमान जताया जा रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी हाल ही में अंतिम तिमाही में जीडीपी के 8 प्रतिशत से अधिक रहने अनुमान जताया था। पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) ने 17 अप्रैल 2024 को कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान भारत की जीडीपी वृद्धि दर 8.00 से 8.3 प्रतिशत के बीच रह सकती है। पीएचडीसीसीआई का यह भी कहना है कि अगले 23 सालों तक भारत की विकास दर औसतन 6.7 प्रतिशत रहेगी और 2047 तक भारतीय अर्थव्यवस्था 34.7 ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी। साथ ही, उस समय भारत में प्रति व्यक्ति आय 21,000 डॉलर की होगी।

आईएमएफ के मुताबिक विकास दर में तेजी लाने के लिए वैश्विक स्तर पर महंगाई और देशों द्वारा लिए जा ऋण को नियंत्रित करना होगा। आईएमएफ ने 2024 के दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था के 3.1 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ने का अनुमान जताया है, 2025 में यह 3.2 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ सकती है। आईएमएफ ने यह भी कहा है कि विकास दर को स्थिर रखने के लिए दुनिया के केंद्रीय बैंकों को सतर्कता बरतते हुए मौद्रिक नीति बनानी होगी, ताकि महंगाई व विकास के बीच संतुलन बना रहे।

भले ही वैश्विक स्तर पर विकास दर धीमी रहेगी, लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर आगामी सालों में भी तेज बनी रहेगी। आईएमएफ ने "विश्व आर्थिक आउटलुक रिपोर्ट" में कहा है कि वित्त वर्ष 2024 और 2025 में भारत की विकास दर 6.5 प्रतिशत रह सकती है। हालांकि,उभरती अर्थव्यवस्थाओं में भारत सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाला देश बना रहेगा। आंकड़ों से साफ है, सरकार की समीचीन नीतियों की वजह से भारत में विकास की गति काफी तेज है और मौजूदा स्थिति में आगामी सालों में भी भारत में विकास दर के तेज बने रहने की संभावना है।

(लेखक बैंक अधिकारी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



भगवान अयप्पा को समर्पित, यह केरल के सभी सस्था मंदिरों में सबसे प्रसिद्ध मंदिर है। ये मंदिर सबरीमाला पहाड़ी की चोटी और पेरियार टाइगर रिजर्व में स्थित है। सबरीमाला संस्था मंदिर हर साल लाखों भक्तों को आकर्षित करता है।

## जन्म व मृत्यु के उपरांत समाप्त होती है यात्रा



संकलित
दर्शन

शरीर में समाहित ऊर्जापुंज को आत्मा कहा गया है। यह आत्मा अनंत ऊर्जा अर्थात परमात्मा का एक अति सूक्ष्म अंशमात्र है। भौतिक जगत में रहते हुए यह भौतिक शरीर एक यात्री के सदृश होता है। शरीर के जन्म के साथ ही यात्रा प्रारंभ होती है एवं मृत्यु के उपरांत समाप्त हो जाती है। अर्थात भौतिक शरीर के लिए जीवन एक यात्रा के समतुल्य है। जन्म के साथ ही ऊर्जापुंज अर्थात आत्मा भौतिक शरीर से संयुक्त होकर उसकी यात्रा में सहयात्री की भूमिका का निर्वहन करने लगता है एवं मरणोपरांत स्वयं को यात्रा से अलग कर लेता है। यह कहा जा सकता है कि भौतिक शरीर की यात्रा का आदि और अंत स्पष्टतः ज्ञात होता है, परंतु ऊर्जापुंज जिसे आत्मा कहकर संबोधित किया जाता है, अपनी यात्रा के आदि और अंत से सर्वथा अपरिचित होता है। आत्मा की यात्रा कब और क्यों प्रारंभ हुई तथा कब और क्यों पूर्ण होगी? इन प्रश्नों का हल आज भी एक चुनौती के रूप में खड़ा है। ऊर्जापुंज अगणित भौतिक शरीरों की भौतिक यात्रा में सहयात्री की भूमिका को निभाता हुआ अपनी अनंत दिव्ययात्र को जारी रखता है। अर्थात आत्मा की इस अलौकिक यात्रा में अनंत लौकिक यात्राएं शामिल होती हैं। इस अलौकिक यात्रा के संबंध में केवल इतना ही कहा जा सकता है कि यह यात्रा अनंत से प्रारंभ होकर अनंत पर ही पूर्ण होगी, किंतु अनंत को परिभाषित करना भी असंभव है। अनंत को अज्ञात का पर्याय माना जा सकता है। प्रश्न यह उठता है कि इस अनंत गति को अनवरत जारी रखने के लिए आवश्यक बल किस स्नेत से प्राप्त होता है?

## कोयला और चंदन



संकलित
प्रेरणा

चौधरी पहलवान का पूरा जीवन जरूरतमंदों की सहायता के लिए समर्पित हुआ था। जब उनका अंतिम समय नजदीक आया तो उन्होंने अपने बेटे को पास बुलाया। बेटा पास आ गया तो उन्होंने उससे कहा-देखो बेटा, मैंने अपना सारा जीवन दुनिया को शिक्षा देने में गुजार दिया। अब अपने अंतिम समय में मैं तुम्हें कुछ जरूरी बातें बताना चाहता हूं। लेकिन इससे पहले जरा तुम एक कोयला और चंदन का एक टुकड़ा उठा कर ले लाओ। बेटे को पहले तो यह बड़ा अटपटा लगा, लेकिन उसने सोचा कि अब पिता का हुक्म है तो यह सब लाना ही होगा। उसने रसोई घर से कोयले का एक टुकड़ा उठाया। संयोग से घर में चंदन की एक छोटी लकड़ी भी मिल गई। वह दोनों को लेकर अपने पिता के पास पहुंच गया। उसे आया देख पहलवान बोले- बेटा, अब इन दोनों चीजों को नीचे फेंक दो। बेटे ने दोनों चीजें नीचे फेंक दीं और हाथ धोने जाने लगा तो पहलवान बोले- जरा ठहरो बेटा। मुझे अपने हाथ तो दिखाओ। बेटे ने हाथ दिखाए तो वह उसका कोयले वाला हाथ पकड़ कर बोले, देखा तुमने। कोयला पकड़ते ही हाथ काला हो गया। लेकिन उसे फेंक देने के बाद भी तुम्हारे हाथ में कालिख लगी रह गई। गलत लोगों की संगति ऐसी ही होती है। उनके साथ रहने पर भी दुख होता है और उनके न रहने पर भी जीवन भर के लिए बदनामी साथ लग जाती है। दूसरी ओर सज्जनों का संग इस चंदन की लकडी की तरह है जो साथ रहते हैं तो दुनिया भर का ज्ञान मिलता है और उनका साथ छूटने पर भी उनके विचारों की महक जीवन भर बनी रहती है।

## मतदान

डॉ. मोनिका शर्मा



# अपने दायित्व को समझें नागरिक

लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के मतदान में देश के कई हिस्सों में कम वोटिंग होना राजनीतिक दलों के लिए ही नहीं समग्र समाज के लिए चिंता और चर्चा का विषय है। भारत में मतदाताओं का उदासीन रवैया कई प्रश्न उठाता है। ज्ञात हो कि 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर पहले चरण की वोटिंग में औसत 60.03 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। बीते दो लोकसभा चुनावों की तुलना में इन सीटों पर मतदान प्रतिशत कम रहा है। देश में कई सीटों पर 50 प्रतिशत से भी कम वोटिंग हुई है, जिसके चलते चुनाव आयोग भी मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अपनी रणनीति में सुधार करने की योजना बना रहा है। चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया के मंच इंस्टाग्राम और एक्स पर भी आमजन से घर से निकलने और मतदान करने के लिए कहा है। जरूरी है कि हर मतदाता इस अपील की सार्थकता को समझे। वस्तुतः चुनाव आयोग के प्रयासों के साथ ही आमजन को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। देश की सरकार चुनने में मतदाताओं को बढ़-चढ़कर भागीदारी निभानी चाहिए। त्योहार, शादी-ब्याह को पोलिंग बूथ तक ना पहुंचने की वजह बना लेना, उचित नहीं है। विशेषकर महानगरों और शहरी क्षेत्रों में, मतदान के दिन को आराम के दिन के रूप में मानने की प्रवृत्ति बेहद चिंतनीय है। चुनाव को गंभीरता से लेते हुए हर मतदाता को लोकतन्त्र के महापर्व में भागीदार बनने के मोर्चे पर किसी चीज को आड़े नहीं आने देना चाहिए। चुनाव आयोग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चुनाव में भी देश के तिहाई लोगों ने अपने मत का उपयोग नहीं किया था। मताधिकार का प्रयोग न करने वालों में युवा, अमीर और शहरी जनसंख्या वाले लोग भी शामिल थे। 18वीं लोकसभा के लिए 7 चरणों में पूरी होने वाली वोटिंग में इस बार भी पहले चरण के मत प्रतिशत के रुझान मतदाताओं को मतदान करने के प्रति सजग करने वाले हैं। ज्ञात हो कि पिछले दो वर्षों में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में चुनाव आयोग और दलों ने मतदाताओं को वोटिंग के दौरान सहज अनुभव प्रदान करने के लिए कड़ी मेहनत की है। अनेक परामर्शों, समीक्षाओं, विभिन्न क्षेत्रों के दौरों और अधिकारियों के व्यापक प्रशिक्षण के बाद सावधानीपूर्वक सारी तैयारियां की हैं। ऐसे में विशाल जनसंख्या और विविधतापूर्ण संस्कृति वाले हमारे देश में चुनाव आयोग के प्रयासों और योजनाओं को मतदान के प्रति आमजन की प्रतिबद्धता का भी साथ मिलना चाहिए। मतदान प्रत्येक भारतीय नागरिक का संवैधानिक अधिकार भी है और कर्तव्य भी। इस संवैधानिक अधिकार के वैकल्पिक होने का अर्थ नहीं है कि अपने आंगन को संवारने-सहेजने वाले जन-प्रतिनिधियों को चुनने में रुचि न ली जाए। मणिपुर हाईकोर्ट द्वारा एक अहम आदेश में कहा गया है कि वोट डालने का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत मतदाताओं के भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का ही एक हिस्सा है। ऐसे में मतदान करना अपना और अपने देश का भविष्य चुनने के समान है। देश की जनतांत्रिक व्यवस्था के सम्मान और बतौर नागरिक अपनी स्वतंत्रता और मान को कायम रखने के लिए हर भारतीय के मन में यह दायित्व निभाने की प्रतिबद्धता आवश्यक है।

(लेखिका फ्रीलांसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पृथ्वी का संरक्षण जरूरी

सन 1970 में पृथ्वी के संरक्षण के उद्देश्य से अमरीकी सीनेटर गेलोर्ड नेल्सन ने पृथ्वी दिवस मनाने का निर्णय लिया था। इस दिवस को अमरीका ट्री डे के रूप में मनाता है। और अब सन 1970 से हर वर्ष 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस बहुत से देशों में मनाया जाता है। हमारे देश में भी इस दिन बहुत से प्रोग्राम आयोजित किए जाते हैं। हम जिस थाली में खाएं, उसी में छेद करना शुरू कर दें, तो यह हमारी सबसे बड़ी नासमझी नहीं होगी, तो और क्या होगा? पृथ्वी हमें निस्वार्थ भाव से जीने के लिए सब कुछ देती है, लेकिन हम नासमझी बरतते हुए इसे ही अपने स्वार्थ के लिए आंखें बंद कर नुकसान पहुंचाने में लगे हुए हैं। पृथ्वी का नासमझी से दोहन हमें नुकसान पहुंचाएगा। इसलिए पृथ्वी का संरक्षण जरूरी है।

*- मनोज शुक्ला, दुर्ग*

## ट्रेंड

### गरीबों की मदद की गारंटी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए किरमिरा और लाइकेरा ब्लॉक को एकीकृत जनजातीय विकास एजेंसी माना जाता है। प्रधानमंत्री अभय योजना के तहत घर, ज्वारजा योजना के तहत रसोई गैस और गरीब कल्याण भोजन योजना में मुफ्त चावल उपलब्ध कराया जा रहा है। यह 'मोदी गारंटी' है।

-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

### तत्काल रिहाई का आह्वान



जैसे ही यहूदी परिवार पास ओवर की शुरुआत के लिए इकट्ठा होते हैं, मेरा दिल उन सभी के लिए टूट जाता है जिनके सेडर टेबल पर उनके प्रियजन गायब होंगे। एक बार फिर, मैं गाजा में बंधकों की तत्काल रिहाई के लिए अपना आह्वान दोहराता हूं।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### सभी संसाधनों को बेचा



मोदी सरकार के तहत, अमीर और गरीब के बीच का अंतर 100 साल के उच्चतम स्तर पर है। 10 सालों में मोदीजी ने सिर्फ अपने करीबी दोस्तों के लिए ही काम किया है। हवाई अड्डों, बंदरगाहों, कोयला खदानों सहित सभी संसाधनों को पूंजीपतियों को औने-पौने दामों पर बेच दिया है।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### सूरत तो झांकी है



सूरत तो झांकी है, पूरा देश बाक़ी है। अभी सूरत में चुनाव ख़त्म हुआ है अब पूरे देश में चुनाव ख़त्म होगा। मोदी जी आरक्षण ख़त्म करेंगे। भाजपा, भीमराव जी का नही भागवत का संविधान मानती है।

-संजय सिंह, आप नेता

## करंट अफेयर

# ब्रिटेन की संसद ने दी रवांडा निर्वासन विधेयक को मंजूरी



कुछ प्रवासियों को रवांडा निर्वासित करने के ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के प्रयासों को अंततः सोमवार देर रात संसद की मंजूरी मिल गई। इससे कुछ घंटे पहले ही सुनक ने विश्वास जताया था कि जुलाई में रवांडा के प्रवासियों को ले जाने वाली निर्वासन उड़ान शुरू होंगी। सुनक ने मंगलवार को अपनी सरकार के उक्त विवादास्पद 'रवांडा सुरक्षा विधेयक' को संसद की मंजूरी मिलने का स्वागत किया और संकल्प जताया कि अवैध प्रवासियों को उड़ानों से अफ्रीकी देश निर्वासित करने के रास्ते में कोई अड़चन नहीं आएगी। उन्होंने विधेयक को ऐतिहासिक करार दिया और इसे वैश्विक पलायन को संभालने में बुनियादी बदलाव लाने वाला बताया। उन्होंने एक बयान में कहा, 'इस ऐतिहासिक विधेयक का पारित होना न केवल एक कदम आगे बढ़ाना है बल्कि विस्थापन पर वैश्विक समीकरण में मूलभूत बदलाव करने वाला है।' संसद में इस विधेयक को लेकर करीब दो महीने से गतिरोध बना हुआ था। लेकिन सोमवार आधी रात के बाद अंततः गतिरोध समाप्त हुआ और 'हाउस ऑफ लॉर्ड्स' ने 'हाउस ऑफ कॉमन्स' की सर्वोच्चता को स्वीकार किया और अपने प्रस्तावित संशोधनों को वापस लेकर विधेयक के कानून बनने का रास्ता साफ कर दिया।

## ऑफ बीट

# देश भर में खतरनाक कचरे का परिवहन आसान नहीं



क्या आपने कभी सोचा है कि ट्रकों के पीछे अंकित प्रतीकों और संख्याओं वाले रंगीन संकेतों का क्या मतलब होता है? दरअसल वह विनियमों के उस जाल का एक हिस्सा हैं, जिनका उद्देश्य खतरनाक कचरे को एक जगह से दूसरी जगह ले जाते समय श्रमिकों और पर्यावरण को सुरक्षित रखना होता है। देश भर में खतरनाक गैसों, तरह तरह के जहर, हानिकारक रसायनों, संक्षारक और रेडियोधर्मी सामग्री जैसी खतरनाक सामग्रियों का परिवहन करना जोखिम भरा है। लेकिन चूँकि हर साल अमेरिका में लगभग 3 अरब पाउंड की खतरनाक सामग्री एक जगह से दूसरी जगह ले जाए जाने की ज़रूरत होती है, इसलिए यह अपरिहार्य है। देशभर में एक जगह से दूसरी जगह ले जाई जाने वाली आवश्यक सभी सामग्रियों के साथ, ट्रक और रेल परिवहन दोनों से खतरनाक सामग्री को ले जाना अपेक्षाकृत अपरिहार्य है। लेकिन अच्छे नियम इन घटनाओं को न्यूनतम रख सकते हैं। एक संचालन और रसद विशेषज्ञ के रूप में, मैंने वर्षों तक खतरनाक सामग्री परिवहन का अध्ययन किया है। नगरपालिका से संघीय स्तर तक सरकारी एजेंसियों के पास इन सामग्रियों की हैंडलिंग और परिवहन को नियंत्रित करने वाले नियम हैं, हालांकि वे थोड़े जटिल हो सकते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com




# उच्च शिक्षा में जी20 देशों में भारत का शीर्ष प्रदर्शन, पीएम मोदी ने भारत की सराहना की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग जारी कर दी गई है। इस बार रैंकिंग में भारत ने शानदार प्रदर्शन किया है। क्यूएस यूनिवर्सिटी रैंकिंग के अध्यक्ष नुंजियो क्वाक्वेरेली ने इस साल क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग प्रदर्शन में सभी जी 20 देशों का नेतृत्व करने के लिए भारत की सराहना की है। एक लिंक्डइन पोस्ट में, क्वाक्वेरेली ने भारतीय उच्च शिक्षा प्रणाली से संबंधित विषय के आधार पर नवीनतम क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग के कुछ परिणाम साझा किए। क्वाक्वेरेली ने कहा है कि इस साल, भारतीय विश्वविद्यालयों ने सभी जी20 देशों के बीच प्रदर्शन में सबसे अधिक सुधार किया- उनकी औसत रैंकिंग में 14 प्रतिशत (साल-दर-साल) का महत्वपूर्ण सुधार हुआ।



## शिक्षा पर सरकार का ध्यान भविष्य में और अधिक होगा

क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में जी20 देशों के मुकाबले भारत के अग्रणी प्रदर्शन की सराहना करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि यह देखना उत्साहजनक है। इससे पहले क्यूएस यूनिवर्सिटी रैंकिंग के अध्यक्ष नुंजियो क्वाक्वेरेली ने भी भारत की प्रशंसा की। पीएम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि यह देखना उत्साहजनक है। हमारी सरकार बड़े पैमाने पर अनुसंधान, शिक्षण और नवाचार पर ध्यान केंद्रित कर रही है। आने वाले समय में यह जोर और भी गहरा होगा।

## भारत तेजी से विस्तार कर रहा

एक लिंक्डइन पोस्ट में क्यूएस क्वाक्वेरेली साइमंड्स के अध्यक्ष नुंजियो क्वाक्वेरेली ने कहा कि अनुसंधान आउटपुट के मामले में भारत दुनिया के सबसे तेजी से विस्तार करने वाले अनुसंधान केंद्रों में से एक बन गया है। 2017 से 2022 तक इसके अनुसंधान उत्पादन में प्रभावशाली 54% की वृद्धि हुई, जिससे यह दुनिया का चौथा सबसे बड़ा अनुसंधान उत्पादक बन गया।

# समुद्री चुनौतियों से निपटने के लिए भारत-ओमान करेंगे सहयोग



नई दिल्ली। भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) और रॉयल ओमान पुलिस तट रक्षक (आरओपीसीजी) के बीच 5वीं वार्षिक उच्च-स्तरीय बैठक 23 अप्रैल, 2024 को नई दिल्ली में आयोजित की गई। यह समुद्री सीमा से परे होने वाली अवैध गतिविधियों से निपटने के सहयोगात्मक प्रयासों और क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस बैठक में चर्चा का नेतृत्व भारतीय तटरक्षक के महानिदेशक राकेश पाल ने किया। रॉयल ओमान पुलिस तट रक्षक (आरओपीसीजी) प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सहायक अधिकारी कमांडिंग कर्नल अब्दुल अजीज मोहम्मद अली अल जाबरी ने किया।

### डीपफेक कंटेंट पर रेलमंत्री वैष्णव बोले

# एआई को लेकर मजबूत ढांचा तैयार, यह जल्द सामने होगा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एआई आधारित सामग्री भारत सहित वैश्विक चुनावों के दौरान एक प्रमुख चिंता बन गई है। रेलवे और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि एआई पर एक मजबूत ढांचा तैयार किया जा रहा है, जो इससे निपट सके। नई सरकार बनते ही इसके दुरुपयोग को रोकने के लिए रूपरेखा पर सार्वजनिक विचार-विमर्श शुरू हो जाएगा।

## संभावित जोखिमों और नुकसानों का समाधान करेंगे

इसका उद्देश्य आर्थिक विकास के लिए एआई का उपयोग करना और इससे संभावित जोखिमों और नुकसानों का समाधान करना है। भारत में इंटरनेट प्लेटफ़ॉर्म और सोशल मीडिया बिचौलियों का यह सुनिश्चित करने का कानूनी दायित्व है कि उनके संबंधित प्लेटफ़ॉर्म पर किसी भी गलत सूचना या डीपफेक को जगह न मिले। सरकार नियमित रूप से और आईटी मंत्रालय द्वारा निर्देशों का पालन सुनिश्चित करेगी।

## डिजिटल प्लेटफॉर्म को पूरी जवाबदेही लेनी होगी

आईटी मंत्रालय की ई-सलाह विशेष रूप से एआई से संबंधित है, जिसमें कहा गया है कि डिजिटल प्लेटफॉर्म को पूरी जवाबदेही लेनी होगी और यह कहकर बच नहीं सकते कि ये एआई मॉडल अंडर-टेस्टिंग फेस में है। वैष्णव ने कहा कि हमने एक मजबूत ढांचा बनाया है और जल्द ही इसे सार्वजनिक करेंगे। पीएम मोदी ने माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स के साथ बातचीत में भी इसका संकेत दिया है।

## इंग्लिश चैनल पार करते समय 5 लोगों की मौत

**पेरिस।** उत्तरी फ्रांस के तट से ब्रिटेन जाने के लिए इंग्लिश चैनल को पार करने की कोशिश के दौरान कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। स्थानीय फ्रांसीसी मीडिया ने यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार, दुर्घटना सोमवार रात को हुई, जब प्रवासी नौकाएं इंग्लिश चैनल को पार करने का प्रयास कर रही थी। इस घटना में एक बच्चे सहित करीब पांच लोगों की मौत हो गई। 2023 में लगभग 36 हजार लोगों ने छोटी नावों में खतरनाक सीमा पार की। यह घटना ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के प्रवासियों को रवांडा भेजने के फैसले पर ब्रिटिश संसद द्वारा मोहर लगाए जाने के कुछ ही घंटों बाद सामने आई। मानवाधिकार समूहों ने इस कानून को अमानवीय और क्रूर बताया है। उत्तरी फ्रांस में कैलाइस के आसपास का क्षेत्र ब्रिटेन के लिए सबसे छोटी सीमा पार करने का जंपिंग-ऑफ पॉइंट है। फ्रांसीसी समुद्री अधिकारियों के आंकड़ों के अनुसार, 2023 में लगभग 36 हजार लोगों ने छोटी नावों में खतरनाक सीमा पार की।



# फिर मुश्किल में फंसी 'आप' केस की जांच करेगी एसीबी

**नई दिल्ली।** दिल्ली जल बोर्ड के पूर्व सलाहकार अंकित श्रीवास्तव के खिलाफ सतर्कता विभाग (एसीबी) ने एंटी करप्शन ब्यूरो को मामला भेजा है। इसमें कहा गया है कि एसीबी मामले की जांच करें। सतर्कता विभाग के विशेष सचिव वाईवीवीजे राज शेखर ने एसीबी के संयुक्त आयुक्त को लिखे पत्र में कहा है कि अंकित श्रीवास्तव मौजूदा समय में भी दिल्ली जल बोर्ड के आधिकारिक व्हाट्सएप ग्रुप के सदस्य बने हुए हैं। वह ग्रुप में बोर्ड के अधिकारियों को आदेश व निर्देश दे रहे हैं, जबकि उन्हें सलाहकार के पद से हटा दिया गया है।

## भोजशाला परिसर का सर्वे करने के लिए एएसआई ने 8 सप्ताह का समय और मांगा



**भोपाल।** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने भोजशाला परिसर का सर्वेक्षण करने के लिए आठ और सप्ताह का समय मांगा है। आवेदन में कहा गया है कि स्मारक की बारीकी से जांच करने पर यह देखा गया कि प्रवेश द्वार बरामदे में बाद में भराव संरचना की मूल विशेषताओं को छिपा रहा है और इसे हटाने का काम बहुत सावधानी से किया।




**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **HARYANA: AMBALA CANTT:** Auto World Honda - 0171-2641189, 9996311223; **AMBALA CITY:** S.D. Honda - 9992244787, 9992827777; Samrithi Honda - 9053005600, 9053005610; **NARAINGARH:** SD Honda - 8708886452; **BARARA:** Harmilap Honda - 8295422108, 9416195131; **SAHA:** Milan Honda - 08222000203, **JAGADHARI:** Shiv Shankar Honda - 9355320200, 9355320111; **BILASPUR:** Bakshi Honda - 9934390054; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI:** Kabir Honda - 9599396896; **BHIWANI:** MRM Honda - 9992888908, 9992888910; **CHARKHI DADRI:** MRM Honda - 9992888914, 9992888908; **BAWANI KHERA:** ASR Honda - 7056710107; **BADHRA:** SS Honda - 9991940444; **TOHANA:** Bharat Honda - 9728435800; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **FATEHABAD:** Manjhu Honda - 01667-223599, 8930210999; **RATIA:** Avni Honda - 9466410724, 8168871488; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **HISSAR:** Ashwani Honda - 9992220141, 9992220142; Malik Autos Honda - 9896648808, 8572888882; **HANSI:** Malik Autos Honda - 8572888818; **BARWALA:** Malik Autos Honda - 8572888814; **ADAMPUR:** Malik Autos Honda - 8572888822, 8572888813; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JIND:** S.J Jind Honda - 9350984119, 9878318885; **NARWANA:** Shivam Honda - 9728090375, 9812318005; **KAITHAL:** Kaithal Honda - 9991825394, 9996025394; **CHEEKA:** Kaithal Honda - 9813974232; **PUNDRI:** Lakhan Pal Honda - 9416847289; **KARNAL:** Ess Kay Honda - 9053554321, 9992822555; Rahul Karnal Honda - 9813100005; **ASSANDH:** Raman Honda (Assandh) - 9896678058; **GHARAUNDHA:** Esskay Honda - 9812136979; **NISSING:** Royal Honda - 8930929000; **INDRI:** Kalra Honda - 9996909466; **KURUKSHETRA:** Arsh Honda - 8053444441, 7027044402; Singla Honda - 8930900011, 9467766711; **LADWA:** Deepak Honda - 9812077382; **PEHOWA:** Chirag Honda - 9812666668; **SHAHBAD:** Basant Honda - 9416155053; **MAHENDERGARH:** White Feather Honda - 01285-220100, 9416574455; **NARNAUL:** BRS Honda - 8607862777,9050109779; **ATELI:** Shiva Honda - 8053782800; **KANINA:** Suraj Honda - 9466082883; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484, 8053339555; **PANIPAT:** L.K. Honda - 7876767800; Malik Honda - 9382938293; **MADLOUDA:** Puneet Honda - 8813050100; **MODEL TOWN (Panipat):** L.K. Honda - 8059900603; **SAMALKHA:** L.K. Honda - 8059900602; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; **BARWALA PANCHKULA:** Aviate Honda - 8199994719; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **REWARI:** Shree Honda - 9215059220; **BAWAL:** Avtar Honda - 9729130036; **DHARUHERA:** Shree Honda - 8689065800; **KOSLI:** Dev Honda - 9996772999; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **KALANAUR:** Kamakshi Honda - 9034655187; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **MAHAM:** RS Honda - 9218092190; **SIRSA:** Decent Honda - 9996020993, 9896488013, 9996120990; **ELLENABAD:** R S Honda - 9053442078, 9729542078; **DABWALI:** Decent Honda - 9996688044, 9215720991; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921; **YAMUNANAGAR:** Sai Honda - 01732-261420, 9215593704; **ITI CHOWK:** Sai Honda - 9215593704; **RADAUR:** Ganpati Honda - 9896665666, 9034290452; **SADHOURA:** Shree Ganpati Honda - 8901286307; **CHANDIGARH:** Krishna Honda - 0172-5000000, 0172-5041052, 9855146632, 9888601876; Platinum Honda - 9855155999, 9216757444, 9216792163; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; **BARWALA:** Aviate Honda - 8199994719; **DERABASSI:** Satkar Honda - 8566024511, 8566024513; **MANIMAZRA:** Krishna Honda - 0172-5005758, 8427190632, 9878885615; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **ZIRAKPUR:** Platinum Honda - 8725050051, 8725050052, 8725050060; **MOHALI:** Batra Honda - 7087215231, 7087215237; **BULLOWAL:** Bedi Honda - 8283000673.
**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25